# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 7 जून 2025







आरबीआई ने 6 जून को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक में लिया निर्णय

# लोन लेना हुआ सस्ता, घट जाएगी ईएमआई, आरबीआई ने घटाई रेपो रेट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने 6 जून को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक में रेपो रेट में 0.50% (50 बेसिस प्वाइंट) की कटौती का ऐलान किया है। इससे रेपो रेट घटकर 5.50% हो गया है। रेपो रेट में इस कटौती का सीधा असर होम लोन, ऑटो लोन और पर्सनल लोन की ब्याज दरों पर पड़ेगा। रेपो रेट की कमी से लोन लेने वालों को राहत मिलेगी और ईएमआई अब कम आएगी। बैंकों द्वारा दी जाने वाली ब्याज ▶▶|शेष पेज 5 पर



### फिर से 7.5% के नीचे आ सकती हैं होम लोन की दरें

विशेषज्ञों के अनुसार, इस साल रेपो रेट में 100 आधार अंकों की कमी आ चुकी है। अगर, बैंक पूरी कटौती का लाभ सीधे ग्राहकों को दे दें तो होम लोन की दरें एक बार फिर 7.5 प्रतिशत के नीचे आ सकती है। इस कटौती के बाद 20 साल के लिए 30 लाख रुपए के होम लोन की मासिक किस्त में 2,000 रुपए तक की कमी आ सकती है।

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला- गोद लेने वाली महिला कर्मचारी भी मातृत्व अवकाश की हकदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि बच्चों को गोद लेने वाली महिला कर्मचारी भी चाइल्ड केयर, गोद लेने की छुट्टी या मातृत्व अवकाश की हकदार है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक मां का मौलिक अधिकार है कि वह अपने नवजात शिशु को मातृत्वपूर्ण देखभाल और स्नेह प्रदान कर सके, चाहे मातृत्व किसी भी प्रकार से प्राप्त हुआ हो। जस्टिस ▶▶|शेष पेज 5 पर



### यह भी कहा

संविधान के अनुच्छेद 38, 39, 42 और 43 का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि गोद लेने वाली माताएं भी जैविक माताओं की तरह गहरा स्नेह रखती हैं। उन्हें भी समान मातृत्व अधिकार मिलने चाहिए। कोर्ट ने जोर देते हुए कहा, महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकार है।






## खबर संक्षेप

### बिना सोच-विचार अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत बिना सोच-विचार किये नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन सदस्यीय पीठ ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को अग्रिम जमानत दिए जाने के आदेश को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने एक मई के दिये अपने आदेश में कहा, (पटना) उच्च न्यायालय के आदेश में, भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 307 के तहत गंभीर अपराधों से जुड़े मामले में अग्रिम जमानत देने का कोई तर्कपूर्ण आधार नहीं बताया गया है। आदेश में कहा गया, ''यह समझ से परे है कि उक्त आदेश क्यों दिया गया और इसमें न्यायिक विश्लेषण का अभाव है।

## चिनाब पुल का मोदी ने किया उद्घाटन, पाक को लताड़ा

# दुनिया के सबसे ऊंचे पुल पर लगा भिलाई का लोहा, 'जन्नत' का रास्ता हुआ आसान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब ब्रिज का भव्य उद्घाटन कर देश को एक बड़ी सौगात दी। देश-दुनिया के गौरव इस पुल को बनाने में छत्तीसगढ़ का भी अहम रोल रहा। इसके निर्माण में भिलाई स्टील प्लांट का लोहा लगा जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। मोदी ने कहा कि 'पाकिस्तान ने पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत, दोनों पर वार किया जिस कारण भारत उस पर कयामत बनकर टूट पड़ा और आतंकियों के ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया।



एजेंसी ▶▶| जम्मू

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया देख रही है कि पाकिस्तान अपनी सुरक्षा को लेकर गुहार लगा रहा है। उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी हाथ में तिरंगा लेकर चिनाब ब्रिज पर चहलकदमी करते नजर आए।

पाकिस्तान का इरादा भारत में दंगे कराने का था, कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई रोकने का था, इसलिए पाकिस्तान ने पर्यटकों पर हमला किया जिसके जवाब में हमने पाकिस्तान को वो सबक सिखाया कि जब भी ऑपरेशन सिंदूर का नाम आएगा पाकिस्तान को अपनी करारी हार याद आएगी। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### यह होगा वंदे भारत ट्रेन का शेड्यूल

पहली ट्रेन (26041) श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन से सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर रवाना होगी और 10 बजे बनिहाल पहुंचेगी। इसके बाद 11 बजकर 10 मिनट पर यह ट्रेन श्रीनगर पहुंचेगी। इसी तरह दूसरी ट्रेन (26403) श्री माता वैष्णो देवी कटरा से दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### चिनाब ब्रिज में लगा छत्तीसगढ़ का लोहा

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल को देश को समर्पित किया। चिनाब नदी पर एफिल टावर से ऊंचे इस पुल के निर्माण में छत्तीसगढ़ का भी बड़ा योगदान है। एशिया महाद्वीप के सबसे बड़े कारखाने, भिलाई इस्पात संयंत्र सहित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के इस्पात संयंत्रों ने 16,000 टन स्टील की आपूर्ति की है। सेल के स्टील प्लांट ने 6,690 टन टीएमटी उत्पाद, 1,793 टन स्ट्रक्चरल स्टील और 7,511 टन स्टील प्लेट्स, हॉट स्ट्रिप मिल प्रोडक्ट्स और चेकर्ड प्लेट्स सहित कुल 16 हजार टन इस्पात की आपूर्ति की है। इसमें भिलाई इस्पात संयंत्र ने 5,922 टन टीएमटी स्टील, 6,454 टन प्लेट्स और 56 टन स्ट्रक्चरल स्टील सहित कुल 12,432 टन इस्पात की आपूर्ति की है। सेल के बर्नपुर स्थित इस्को स्टील प्लांट, दुर्गापुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट और बोकारो स्टील लिमिटेड ने भी स्टील की आपूर्ति की है।*

आइसोलेशन में रखे गए मरीज

# शहर में कोविड की दस्तक, एक ही दिन में मिले 10 पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

देश में तेजी से फैल रहे कोरोना ने शहर में एकबार फिर दस्तक दे दी है। शुक्रवार को शहर के विभिन्न इलाकों में 10 मरीज पाजिटिव पाए गए हैं, राहत की बात यह है कि कोई भी सीरियस मरीज नहीं है, सभी मरीजों को कोविड प्रोटोकॉल के तहत आइसोलेशन में रखा गया है। मरीजों को घर में रहकर सा व धा नी बरतने की सलाह दी गई है।



खास खबर

शहरीय क्षेत्र में ही 10 कोविड संक्रमित पाए जाने की खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि इन कोविड पाजिटिव में 56 वर्षीय एक बुजुर्ग भी शामिल हैं, जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। ▶▶|शेष पेज 5 पर

### इन इलाकों से मिले हैं मरीज

स्वास्थ्य विभाग को शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में ही 10 मरीज मिले हैं, इसमें राजकिशोर नगर, नेहरू चौक, तोरवा, गणेश नहर, हेमूनगर, गुलाब नगर, कल्चुरी आवास के रहने वाले हैं। डाक्टरों के अनुसार वर्तमान में कोविड का वायरस माइल्ड लेवल का है, ऐसे में मरीजों को भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ रही है, लेकिन सावधानी बरतने की नसीहत डाक्टर दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि इन दिनों वायरल फीवर और अन्य मौसम जनित बीमारी फैल रही है, ऐसे में डाक्टर एतिहात बरतने की सलाह दे रहे हैं। सर्दी, खांसी, बुखार के साथ ही पेट दर्द, उल्टी और बदन दर्द की शिकायत पर तत्काल ही डाक्टरों की सलाह लेने की बात कही जा रही है। इस दौरान मरीजों द्वारा अपने से दवा लेने से परहेज करने की बात कही गई है।

नेशनल पार्क एरिया में मठभेड़, 40 लाख का था ईनाम

# सुधाकर के बाद अब मारा गया बड़ा नक्सली भास्कर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों के साथ लगातार दूसरे दिन चल रहे मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 40 लाख के ईनामी तेलगांना स्टेट कमेटी मेंबर व आदिलाबाद डिस्ट्रिक्ट सचिव मैलारपु अड़ेल्लू उर्फ भास्कर को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से एके 47 रायफल के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक, गोला बारूद व अन्य नक्सल सामग्री बरामद की है। लगातार फोर्स को मिल रही सफलता व शीर्ष नक्सलियों के मारे जाने से नक्सल संगठन सकते में व भयभीत नजर आ रहा है। यही वजह है कि नक्सलियों द्वारा लगातार समर्पण किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में पिछले तीन दिनों से सुरक्षाबलों द्वारा ▶▶|शेष पेज 5 पर

### पहले दिन जहां हुई थी मुठभेड़, दूसरे दिन भी वहीं मिली कामयाबी

एक दिन पूर्व नेशनल पार्क इलाके में जिस जगह सुरक्षाबलों ने एक करोड़ के ईनामी नरसिम्हा चालम उर्फ सुधाकर (66), निवासी प्रागदावरम, पश्चिम गोदावरी आंध्रप्रदेश को मार गिराया था। इसी जगह पर शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में 40 लाख के ईनामी आदिलाबाद जिला सचिव व तेलगांना स्टेट कमेटी मेंबर मैलारपु अडेल्लू उर्फ भास्कर (53), निवासी आदिलाबाद तेलगांना को मार गिराया। मौके से सुरक्षाबलों ने एके 47 रायफल, विस्फोटक, गोला बारूद व अन्य सामान बरामद किया है। आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है।

### नीट-पीजी 2025 परीक्षा अब 3 अगस्त को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को निर्देशों के अनुरूप तीन अगस्त को एक पाली में नीट-पीजी 2025 परीक्षा आयोजित कराने की अनुमति दे दी। एनबीई द्वारा कहा गया है कि वह 15 जून को होने वाली परीक्षा तीन अगस्त को सुबह नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे के बीच आयोजित करेगा। शीर्ष अदालत ने 30 मई को दो पालियों में परीक्षा आयोजित करने के एनबीई के फैसले की आलोचना की थी।

# मोदी को साय ने बताया, बस्तर अब डर से नहीं, डिजिटल बदलाव से पहचाना जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने बस्तर में शांति व्यवस्था, विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके साथ ही हाल ही में छत्तीसगढ़ में आयोजित सुशासन तिहार की प्रधानमंत्री को जानकारी दी। ▶▶|शेष पेज 5 पर



## संस्कृत विधामंडलम की पूरक परीक्षाएं 16 से 23 जून तक

वेबसाइट हैक इसलिए स्कूलों से ऑफलाइन मंगाए गए आवेदन

# संस्कृत बोर्ड की वेबसाइट पर बांग्लादेशियों की सेंध, अब तैयार हो रहा नया 'ठीया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

संस्कृत विद्यामंडलम की वेबसाइट पर बांग्लादेशियों ने सेंध लगा दी है। संस्कृत बोर्ड के अनुसार, बांग्लादेशियों द्वारा यह वेबसाइट काफी पहले हैक की गई थी। इसे अब तक सुधारा नहीं जा सका है। ऐसे में अब संस्कृत विद्यामंडलम का नया वेबसाइट तैयार किया जा रहा है। नए वेबसाइट को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से मजबूत बनाने की कोशिश की जा ▶▶|शेष पेज 5 पर



### अंतिम चरण में

*वेबसाइट निर्माण का कार्य लगभग अंतिम चरण में है। हम स्कूलों और छात्रों को नई तरह की सुविधाएं इसके माध्यम से देंगे।*

*- जेके अग्रवाल, सचिव संस्कृत विद्यामंडलम*

### केवल 176 छात्र ही पूरक सूची में

संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा 16 मई को परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई थी। दसवीं और बारहवीं कक्षा के साथ ही नवमी और ग्यारहवीं कक्षा की भी परीक्षा संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा आयोजित की गई थी। नवमी कक्षा में 67, दसवीं में 38, ग्यारहवीं में 37 तथा बारहवीं कक्षा में 29 छात्रों को पूरक की पात्रता ▶▶|शेष पेज 5 पर








## छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण का भव्य आग़ाज

रायपुर। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण का शानदार शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड सिंगर शाल्मली खोलगड़े ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर खेल मंत्री टंक राम वर्मा, वाणिज्य कर मंत्री ओ. पी. चौधरी, श्री किरण देव, गुरु खुशवंत साहेब, सीएससीएस डायरेक्टर बलदेव सिंह भाटिया, विजय शाह और बीसीसीआई कोषाध्यक्ष प्रवतेज सिंह भाटिया सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। लीग का पहला मुकाबला रात्रि 9 बजे रायपुर राइनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच खेला गया। रायपुर राइनोज की कप्तानी अमनदीप खरे ने संभाली, जबकि बिलासपुर बुल्स का नेतृत्व शशांक सिंह ने किया। लीग में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें बस्तर बाइसन, रायगढ़ लायंस, राजनांदगांव पैंथर्स और सरगुजा टाइगर्स शामिल हैं।

### अप्रैल के बिल में नहीं लगा था शुल्क, साढ़े 12 फीसदी का हुआ था लाभ, अब फिर से लगने लगा शुल्क

# नए टैरिफ से पहले ही महंगी बिजली का झटका, मई के बिल में सवा सात फीसदी एफपीपीएएस शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस बार महंगी बिजली का झटका लगना तय है। अभी नए टैरिफ पर फैसला होना बाकी है, लेकिन इसके पहले ही मई के बिल में एक बार फिर से महंगी बिजली का झटका लग गया है। अप्रैल के बिल में पहली बार एफपीपीएएस शुल्क इस बार माइनस में चला गया था। ऐसे में अप्रैल का जो बिजली बिल मई में आया था, उसमें 12.61 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क नहीं देना पड़ा, लेकिन अब जून में जो मई का बिल आ रहा है, उसमें फिर से एफपीपीएएस शुल्क लगने लगा है। इस माह 7.32 फीसदी के हिसाब से टैरिफ पर शुल्क लिया जा रहा है। यह शुल्क अप्रैल की खपत पर लग रहा है। आने वाले समय में जून के बिल में यह शुल्क बढ़ भी सकता है और कम भी हो सकता है।

प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है।

खास खबर

पहली बार यह झटका अप्रैल के बिल में नहीं लगा था। इसके पीछे का कारण यह है कि एनटीसीपी लारा से ली गई बिजली का 15 सौ करोड़ अंतर का पैसा बीते छह माह से उपभोक्ताओं से वसूला जा रहा था, एफपीपीएएस शुल्क ज्यादा लग रहा था। अब यह अंतर की राशि समाप्त हो गई है। इसलिए अप्रैल में राहत रही। लेकिन अब वापस एफपीपीएएस शुल्क लिया जा रहा है। अब फिर से उत्पादन लागत में अंतर आ रहा है। जब भी उत्पादन लागत में अंतर रहेगा तब एफपीपीएएस शुल्क लगेगा ही।



### टैरिफ में लगेगा झटका

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें बताया गया है कि पॉवर कंपनी इस सत्र में 24 हजार 652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में पॉवर कंपनी का खर्च 23 हजार 82 करोड़ होगा। ऐसे में पॉवर कंपनी को 1570 करोड़ का फायदा होगा। लेकिन 2023-24 में पॉवर कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ रुपए कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1570 करोड़ को घटाने के बाद 4560 करोड़ रुपए का अंतर आ रहा है। इस अंतर की राशि के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग है। लेकिन आयोग तय करेगा कि वास्तव में पॉवर कंपनी को कितने पैसों की जरूरत होगी। उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। यह बात तय है कि टैरिफ में भी महंगी बिजली का झटका लगेगा।

# 59 इंस्पेक्टर, सीसी, पीसी बने डीएसपी, कई महिला अधिकारी भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग द्वार जारी आदेश के तहत राज्य शासन की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 59 निरीक्षक, कंपनी कमांडर, प्लाटून कमांडर, रेडियो निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं वरिष्ठ रिपोर्टर संवर्ग के अधिकारियों को उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) तथा समकक्ष पदों पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत अधिकारियों में विभिन्न संवर्गों के पुरुष एवं कई महिला अधिकारी शामिल हैं।उप पुलिस अधीक्षक के पद पर 46 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है, जिनमें सुरेश कुमार भगत, ओम प्रकाश कुजूर, तुल सिंह पटटावी, नोहरलाल मण्डावी, यशकरण द्वीप ध्रुव, शशिकला (मरकाम) उईके, सुशील मलिक, कमलेश्वर कुमार भगत, कुंज बिहारी नागे, बृजेश कुमार तिवारी, रमाकान्त साहू, चंद्रशेखर ध्रुव, एम्ब्रोस कुजूर, इन्द्रभूषण सिंह, विपिन रंगारी, चुन्नू तिग्गा, हरिबिंदर सिंह, रीना नीलम कुजूर, क्रिसेंसिया तिर्की, लता चौरे , प्रमोद कुमार किस्पोट्टा, गोपाल सिंह ध्रुवे, गंगा ध्रुवे, सत्यपा तारम (भुआर्य), मीना चौधरी, स्वाती मिश्रा, कुमारी चंद्राकर, मंजूलता राठौर, श्रुति चक्रवर्ती, संतोषी ग्रेस, आशा (लकड़ा) तिर्की, बैजंतीमाला तिग्गा, किरण गुप्ता, रोशनी वासनिक (कुजूर), उषा सौंधिया, विवेक शर्मा, नरेश कुमार पटेल, नवी मोनिका शर्मा (पाण्डेय), माया शर्मा, ममता शर्मा (अली), सत्यकला रामटेके, योगिताबाली खापर्डे, प्रमिला मण्डावी, कविता ध्रुवे, भारती मरकाम (शोरी) और लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल शामिल हैं।

### सहायक सेनानी भी पदोन्नत

इसके अतिरिक्त, सहायक सेनानी के पद पर 7 अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है, जिनमें रुस्तम सारंग, नरेश कुमार नेहरु, टेलेस्फोर मिंज, याद राम बघेल, विकास कुजूर, मनोज कुमार गुप्त और नीलककिशोर अवस्थी के नाम शामिल हैं। उप पुलिस अधीक्षक (अंगुल चिन्ह)संवर्ग में 3 अधिकारियों को पदोन्नति मिली है, जिनमें अजय कुमार साहू, राकेश कुमार नरवरे और विद्या जौहर शामिल हैं। उप पुलिस अधीक्षक (रक्षित) के पद पर सीमा अहिरवार (भास्कर) को पदोन्नत किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा) के पद पर अनिल कुमार कश्यप को पदोन्नति दी गई है। वहीं, उप पुलिस अधीक्षक एम (वरिष्ठ रिपोर्टर) के पद पर संजय कुमार शुक्ला को पदोन्नत किया गया है।



रायपुर
शनिवार, 7 जून 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष: 23, अंक: 320
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 39.8
न्यून. 28.2




06 पार्टनर के लिए बदल जाते हैं लोग

विचार पेज
04 यूएन का अमृत पथ गढ़ेंगी एनालेना










## खबर संक्षेप

### केएससीए पर कार्रवाई पर लगी रोक : हाईकोर्ट

**बेंगलुरु।** चिन्नास्वामी स्टेडियम में मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रघुराम भट और कुछ अन्य पदाधिकारियों को कर्नाटक हाईकोर्ट ने राहत देते हुए अगले आदेश तक दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। उन्होंने मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की थी। वहीं इस मामले को लेकर कर्नाटक सरकार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के राजनीतिक सचिव के गोविंदराज को बर्खास्त कर दिया तथा सूचना विभाग के प्रमुख हेमंत निंबालकर का तबादला किया गया है। आरसीबी के मार्केटिंग मैनेजर सोसले सहित 4 को 19 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस ने सोसले समेत किरण, सुमंथ और सुनील मैथ्यू को शहिरासत में लिया था।

15 दिन में शुरू होगा ट्रायल, तेजी से बढ़ेगा सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेक्टर

# अब 'गली-गली' में पहुंचेगा इंटरनेट स्टारलिंक को भारत में मिला लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार के दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने एलन मस्क की कंपनी स्टार लिंक को भारत में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाएं देने के लिए आधिकारिक लाइसेंस जारी कर दिया है। यह मंजूरी भारत के ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने में मदद कर सकती है। यह भारत में सैटेलाइट इंटरनेट के लिए लाइसेंस पाने वाली तीसरी कंपनी है, जिसके पहले वनवेब और रिलायंस जियो थे। स्टारलिंक की यह सेवा दूर-दराज के इलाकों में तेज और भरोसेमंद इंटरनेट उपलब्ध कराएगी। अमेज़न क्यूपर और एप्पल की ग्लोबस्टार भी भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं के विस्तार की योजना बना रही हैं। भारती एयरटेल और रिलायंस जियो ने भी स्टारलिंक के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जो भारत के डिजिटल भविष्य को मजबूत करेगी।

*दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए जीएमपीसीएस का लाइसेंस मिल गया है। स्टारलिंक द्वारा लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट के जरिए देश के दूरदराज इलाकों तक में इंटरनेट पहुंचेगा। इससे कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आ सकता है। सूत्रों के हवाले से बताया कि स्टारलिंक को 15-20 दिनों के अंदर ट्रायल स्पेक्ट्रम भी मिल जाएगा।*




### दूर-दराज के इलाकों के लिए बहुत जरूरी

स्टारलिंक स्पेसएक्स का नया प्रयास है। यह सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट देने का काम करती है। इसका लक्ष्य है कि लोगों को बेहतर इंटरनेट का अनुभव मिले। ये सैटेलाइट आम सैटेलाइट से धरती के ज्यादा करीब होते हैं। इसलिए डेटा तेजी से पहुंचता है। यह तकनीक भारत के उन दूर-दराज के इलाकों के लिए बहुत जरूरी है जहां इंटरनेट की सुविधा नहीं है। स्टारलिंक का मकसद है कि उन इलाकों में भी तेज इंटरनेट पहुंचाया जाए जहां अभी तक इंटरनेट नहीं पहुंच पाया है।

### कितनी स्पीड और कितना होगा दाम

स्टारलिंक की स्पीड की बात करें तो इसका इस्तेमाल करने वाले लोग आमतौर पर 25 से 220 एमबीपीएस तक की डाउनलोड स्पीड पाते हैं। ज्यादातर लोगों को 100 एमबीपीएस से ज्यादा स्पीड मिलती है। भारत में स्टारलकिकी कीमत की बात करें तो ईटी के अनुसार, स्टारलिंक भारत में एक खास ऑफर के साथ शुरुआत करने वाली है। इसमें अनलिमिटेड डेटा प्लान सिर्फ प्रति महीने लगभग 857 रुपये से कम में मिलेगा। स्टारलिंक ने भारत में 90 करोड़ यूजर्स को हाई स्पीडसैटेलाइट इंटरनेट सर्विस प्रोवाइड कराने का लक्ष्य रखा है।

### लंबी प्रक्रिया के बाद मिला लाइसेंस

बीते कई सालों से स्टारलिंक भारत में लाइसेंस लेने के प्रयास में जुटी हुई थी। इसने साल 2022 में जीएमपीसीएस लाइसेंस के लिए आवेदन दाखिल किया था, लेकिन नेशनल सिक्योरिटी जैसे कई मुद्दों की वजह से इसे हासिल करने में देरी हुई। हालांकि, अब स्टारलिंक ने सभी नियमों और शर्तों पर हामी भर दी है, जिसमें डेटा लोकलाइजेशन और सिक्योरिटी से जुड़े नॉर्म्स शामिल हैं। जीएमपीसीएस लाइसेंस मिलने के बाद भारत का सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेक्टर तेजी से आगे बढ़ेगा। इससे लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट के जरिए पूरे देश में इंटरनेट पहुंचाया जा सकेगा।

सरकारी निवास पर की गई कार्रवाई

## नायब तहसीलदार 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/जगदलपुर

कोण्डागांव जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई सामने आई है। नजूल शाखा में पदस्थ नायब तहसीलदार दिनेश सिंह ठाकुर को शुक्रवार को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई डीएनके कॉलोनी स्थित उनके सरकारी निवास पर की गई, जहां वे शिकायतकर्ता से दूसरी किस्त के रूप में रिश्वत की राशि ले रहे थे।



जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता राधे कृष्ण देवांगन की जमीन पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया था। इस संबंध में कार्रवाई करने और जमीन वापस दिलाने के एवज में नायब तहसीलदार ने 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

### पीड़ित पहले दे चुका था 10 हजार

पीड़ित ने पहले 10 हजार रुपए दे दिए थे। शेष 15 हजार की राशि देने के लिए जब वे तहसीलदार के निवास पर पहुंचे, तब एसीबी ने पहले से ही जाल बिछा रखा था। रिश्वत की रकम लेते ही एसीबी की टीम ने दिनेश सिंह ठाकुर को रंगे हाथों पकड़ लिया। टीम ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए तहसीलदार के निवास की तलाशी शुरू कर दी। दस्तावेजों की जांच और अन्य सबूतों की तलाश अभी जारी है। मामले में आगे की पूछताछ की जा रही है।




10 साल में गरीबी दर 27.1 से घटकर हुई 5.3 प्रतिशत

# वर्ल्ड बैंक ने बदले मापदंड, जिसके चलते भारत में कम हुए गरीब

## गरीबी रेखा को $2.15 प्रतिदिन से बढ़ाकर किया है $3 प्रतिदिन

*विश्व बैंक ने अपनी गरीबी रेखा को पहले के $2.15 प्रति दिन से बढ़ाकर $3 प्रति दिन (दैनिक खपत 3 डॉलर से कम) कर दिया है। इस बदलाव के चलते, भारत के लिए अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत हो गई है। वर्ल्ड बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों से पता चलता है कि अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोग 344.47 मिलियन से घटकर केवल 75.24 मिलियन रह गए हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, 2.15 डॉलर की डेली खपत पर – 2017 की कीमतों के आधार पर पिछली गरीबी रेखा – अत्यधिक गरीबी में रहने वाले भारतीयों की हिस्सेदारी 2.3 प्रतिशत है, जो 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से काफी कम है। 2.15 डॉलर हरदिन की गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या 2022 में 33.66 मिलियन दर्ज की गई है, जो 2011 में 205.93 मिलियन से बहुत ज्यादा कम है।वर्ल्ड बैंक द्वारा 2021 की कीमतों में वैश्विक मुद्रास्फीति को एडजस्ट करने के लिए अपनी अत्यधिक गरीबी रेखा को रिवाइज करने के बावजूद, भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। विश्व बैंक का अनुमान है कि 3 डॉलर प्रतिदिन की लिमिट पर, 2022-23 के लिए भारत की अत्यधिक गरीबी दर 2.3 प्रतिशत (2.15 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर) से बढ़कर 5.3 प्रतिशत हो गई है।

### यह हो रहा बदलाव से

सूत्रों के अनुसार, 2017 से 2021 तक घरेलू मुद्रास्फीति के लिए पहले की $2.15-प्रतिदिन लाइन को एडजस्ट करने से, गरीबी रेखा की सीमा लगभग $2.60 हो जाती है – जो वास्तविक रूप से नए $3 प्रतिदिन के बेंचमार्क से अभी भी कम है। रिवाइज्ड निम्न-मध्यम-आय श्रेणी (एलएमआईसी) गरीबी रेखा $4.20 प्रति दिन (2017 की कीमतों में $3.65 से) के नीचे रहने वाले भारतीयों की हिस्सेदारी भी 2011-12 में 57.7 प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 23.9 प्रतिशत हो गई। रिवाइज्ड एलएमआईसी गरीबी रेखा के तहत रहने वाले लोग 11 सालों की अवधि में 732.48 मिलियन से घटकर 342.32 मिलियन हो गए हैं। रिवाइज्ड निम्न-मध्यम-आय श्रेणी (एलएमआईसी) गरीबी रेखा $4.20 प्रति दिन (2017 की कीमतों में $3.65 से) के नीचे रहने वाले भारतीयों की हिस्सेदारी भी 2011-12 में 57.7 प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 23.9 प्रतिशत हो गई। रिवाइज्ड एलएमआईसी गरीबी रेखा के तहत रहने वाले लोग 11 सालों की अवधि में 732.48 मिलियन से घटकर 342.32 मिलियन हो गए हैं।




### भारत की जनसंख्या का भी अनुमान

वर्ल्ड बैंक ने अपने वर्ल्ड डेवलपमेंट इंडिकेटर्स डेटाबेस और आधिकारिक घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (हाउसहोल्ड कंजम्पशन एक्सपेंडेचर सर्वे) का इस्तेमाल करते हुए 2023 में भारत की जनसंख्या 1438.07 मिलियन होने का अनुमान लगाया है। पुरानी 3.65 डॉलर प्रति दिन की एलएमआईसी के आधार पर भारत की गरीबी दर 61.8 प्रतिशत से गिरकर 28.1 प्रतिशत रह गई। 2022 में करीब 401 मिलियन भारतीय 3.65 डॉलर प्रति दिन की रेखा से नीचे रह रहे हैं।

### उल्टे लग सकते हैं आंकड़े

2021 की कीमतों में 4.20 डॉलर प्रति दिन रिवाइज्ड एलएमआईसी गरीबी दर की इस्तेमाल करके भारत की गरीबी दर 2022-23 में 28.1 प्रतिशत से गिरकर 23.9 फीसदी रह गई। ये आंकड़े यह उल्टे लग सकते हैं लेकिन सूत्रों का कहना है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत के लिए नई सीमा पहले के $3.65 बेंचमार्क के मुद्रास्फीति-एडजस्ट किए गए समकक्ष से लगभग 5 प्रतिशत कम है। जब 2017 और 2021 के बीच घरेलू मुद्रास्फीति के लिए एडजस्ट किया जाता है, तो पिछली $3.65 लाइन 2021 की कीमतों में लगभग $4.40 होगी, जिससे रिवाइज्ड $4.20 लाइन प्रभावी रूप से भारत के लिए एक निचली सीमा बन जाएगी। 2023-24 के लिए गरीबी दरें इसके गरीबी और इंक्वालिटी प्लेटफार्म (पीआईपी) के तहत अक्टूबर में जारी की जाएंगी। सरकार के सूत्रों ने कहा कि ये आंकड़े आंतरिक रूप से भी सामने नहीं आए हैं।

## खबर संक्षेप

### कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में आएंगे मोदी

**हरिभूमि न्यूज.नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि



वह इस महीने कनाडा में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह अपने नवनिर्वाचित कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात को लेकर उत्सुक हैं। कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया और मोदी ने कनानास्किस में 15-17 जून को आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन के आमंत्रण के लिए अपने कनाडाई समकक्ष को धन्यवाद दिया।

### सीजफायर पर सच सामने लाएं मोदी : रमेश

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर को लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन



के प्रवक्ता यूरी उशाकोव के बयान ने कांग्रेस को केंद्र सरकार पर हमले का मौका दे दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने उशाकोव के बयान के हवाले से सवाल पूछा है कि इस मामले में सच्चाई को सामने लाया जाना चाहिए। बताना होगा कि उशाकोव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच बातचीत के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष को लेकर भी चर्चा हुई थी।

### दिल्ली सीएम को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को गुरुवार देर रात एक



धमकी भरा फोन आया। रात करीब 11 बजे गाजियाबाद पुलिस कंट्रोल रूम को की गई इस कॉल में रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी गई, जिसके बाद गाजियाबाद और दिल्ली दोनों जगहों पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की. गाजियाबाद पुलिस ने तुरंत मामले की सूचना दिल्ली पुलिस को दी, जिसे अब अलर्ट पर रखा गया है। प्रारंभिक जांच में फोन करने वाले की पहचान हो गई है।

भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिया बयान

पासपोर्ट रद्द हुआ तो लौट नहीं पाया

# अरुण जेटली को बताकर गया था मुझे भगोड़ा या चोर कहना गलत

*भगोड़े कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया, 'देश छोड़ने से पहले वो तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिले और उनसे कहा कि वो एक बैठक के लिए जेनेवा जा रहा हैं और वापस आएंगे। लेकिन उनका पासपोर्ट निरस्त कर दिया गया, जिसके कारण वो वापस नहीं आ पाए।'*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माल्या ने खुद को चोर कहे जाने पर कहा कि मुझे भगोड़ा कह रहे हैं, लेकिन मैं भागा नहीं। मैं तय कार्यक्रम के तहत विदेश गया और वापस नहीं आया, क्योंकि मेरे पास सही वजहें थीं। लेकिन मुझे 'चोर' क्यों कहा जा रहा है? चोरी कहां हुई?' वहीं, उन्होंने किंगफिशर एयरलाइंस की नाकामी पर पहली बार सार्वजनिक माफी मांगी है। उन्होंने कहा, 'मैं किंगफिशर एयरलाइंस की विफलता के लिए सभी से माफी मांगता हूं।' माल्या ने यह बयान बिजनेसमैन राज शमानी के साथ पॉडकास्ट में दिए हैं। जो कि शुक्रवार को रिलीज किया गया है। ये पॉडकास्ट 4 घंटे लंबा है। कारोबारी और पूर्व सांसद विजय माल्या किंगफिशर एयरलाइंस से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच 2016 में भारत से यूके भाग गए थे। 5 जनवरी 2019 में विजय माल्या को भगोड़ा घोषित किया गया।

### खास बातें

- किंगफिशर मामले में चार बार सेटलमेंट ऑफर दिए, जिन्हें बैंकों ने किया अस्वीकार
- 5 जनवरी 2019 में माल्या को घोषित किया गया था भगोड़ा



### यह है माल्या पर आरोप

माल्या पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, मनी लॉन्ड्रिंग और लोन फंड के डायवर्जन के आरोप हैं। किंगफिशर एयरलाइंस और यूनाइटेड ब्रेवरीज (होल्डिंग्स) लिमिटेड सहित उनकी कुछ कंपनियों पर कंपनी अधिनियम, 2013 और पूंजी बाजार नियामक द्वारा निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप है।

### 6200 करोड़ के बदले बैंकों ने 14000 करोड़ रुपए वसूले

*इस वर्ष फरवरी में माल्या ने अपने वकील के माध्यम से कर्नाटक हाई कोर्ट को बताया था कि यद्यपि बैंकों का लगभग 6,200 करोड़ रुपये का बकाया पहले ही वसूल किया जा चुका है, लेकिन 14,000 करोड़ रुपये की वसूली के संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले वर्ष दिसंबर में लोकसभा में बयान दिया था। माल्या ने कहा कि 17 बैंकों से 6,203 करोड़ का लोन लिया। बैंकों ने संपत्तियों से 14,131.6 करोड़ रुपए रिकवर किए, जो कर्ज से ढाई गुना है।*

### सेटलमेंट का किया दावा

बता दें, नौ साल तक मीडिया से दूरी बनाने के बाद, माल्या ने हाल ही में यूट्यूबर राज शमानी के पॉडकास्ट में अपनी चुप्पी तोड़ी। इस चार घंटे की बातचीत में उन्होंने अपनी जिंदगी, बिजनेस, किंगफिशर एयरलाइंस के पतन, कर्मचारियों की बकाया सैलरी, और कानूनी लड़ाई पर खुलकर बात की। भगोड़े शराब कारोबारी माल्या ने चार घंटे के वीडियो पॉडकास्ट में दावा किया कि उन्होंने 2012 में अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के पतन के बाद और 2015 के बीच चार बार सेटलमेंट ऑफर दिए, जिन्हें बैंकों ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे 14,000 करोड़ रुपये चाहते थे, इसलिए उन्होंने स्वीकार नहीं किया।

# पहलगाम आतंकवादी हमले की मध्य एशिया के देशों ने की कड़ी निंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मामले पर भारत को दुनियाभर से मिलता जा रहा समर्थन लगातार बढ़ रहा है। अब इस सूची में उसकी 'विस्तारित पड़ोस' में शामिल ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान जैसे मध्य-एशिया के पांच देश भी शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली में इन सभी देशों के साथ भारत-मध्य एशिया संवाद के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने संवाद की अध्यक्षता की और अपने उद्घाटन संबोधन में मध्य-एशिया के देशों द्वारा आतंकवाद को लेकर दिए गए समर्थन को लेकर धन्यवाद दिया।

## बांग्लादेश में अप्रैल 2026 में होंगे चुनाव, यूनुस ने किया ऐलान

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने देश में अगले राष्ट्रीय चुनाव की घोषणा कर दी है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि देश का अगला राष्ट्रीय चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े (1 से 15 अप्रैल के बीच) में होगा। ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम प्रसारित अपने संबोधन में यूनुस ने कहा कि चुनाव आयोग जल्द ही एक विस्तृत रोडमैप जारी करेगा। उन्होंने कहा, 'अंतरिम सरकार ने तीन मुख्य उद्देश्यों के साथ पदभार संभाला था: सुधार, न्याय और चुनाव।' मुहम्मद युनूस ने कहा कि सरकार ने सभी राजनीतिक दलों से परामर्श किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आगामी चुनाव 'देश के इतिहास में सबसे स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी और स्वीकार्य' हो।

नीतीश के गढ़ में राहुल का बड़ा अटैक

# 'पीएम मोदी को सरेंडर करने की आदत, ट्रंप के सामने कर गए'

एजेंसी ▶▶ नालंदा

2025 में पांचवीं बार बिहार आए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नालंदा में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन (ओबीसी सम्मेलन) मे पीएम मोदी बड़ा हमला किया। कहा कि हमारे प्रधानमंत्री को सरेंडर करने की आदत है। दो मिनट में चिट्ठी लिखने लगते हैं। ट्रंप के सामने सरेंडर कर गए। ट्रंप साहब ने 11 बार बोला है कि उन्होंने नरेंद्र मोदी को सरेंडर करवा दिया। नरेंद्र मोदी कुछ नहीं बोल रहे हैं। वे कह नहीं पा रहे कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं क्योंकि इसमें सच्चाई है। इसी तरह, जब हमने दबाव बनाया तो जाति जनगणना की घोषणा की।



### इंडिया में 90 फीसदी की भागीदारी नहीं

राहुल ने कहा कि जिसे हम इंडिया कहते हैं उसमें नब्बे प्रतिशत वालों की भागीदारी है ही नहीं। किसी भी सेक्टर को देख लें। 500 सबसे बड़ी कंपनियां हैं उनमें अतिपिछड़ा, पिछड़ा और दलितों का प्रतिनिधित्व काफी कम है। कुछ खास लोगों का लाखों करोड़ का कर्जा माफ होता है। बजट में कानून बनाकर उन्हें सुविधाएं दी जाती हैं।

### ये लोग कभी सही जाति जनगणना नहीं कराएंगे

राहुल ने कहा कि मैंने लोकसभा में मोदीजी की आंख में डालकर कहा कि जाति जनगणना होगा। आप लोग तो जानते हैं कि उनको सरेंडर करने की आदत है। दो मिनट में चिट्ठी लिखना शुरू कर देते हैं। मॉडर्न जमाने में वाट्सएप से काम करते हैं। मुझे मालूम था कि जिस दिन थोड़ा सा दबाव डाल देंगे कि सरेंडर कर देंगे। लेकिन आप लोग गलतफहमी में मत रहिए, ये लोग कभी सही जाति जनगणना नहीं कराएंगे। क्योंकि जिस दिन सही जाति जनगणना करा लिया उस दिन इनकी राजनीति समाप्त हो जाएगी।

## ऑपरेशन सिंदूर...



**सूरत।** गुजरात के सूरत में शुक्रवार को लड़ाकू विमान के मॉडल के साथ ऑपरेशन सिंदूर नामक नव निर्मित सर्कल का दृश्य।

### कोरोना : देशभर 5,000 के पार एक्टिव केस

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस फिर से डराने लगा है। देशभर में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 498 नए मामले सामने आए हैं। इसी के साथ देशभर में कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 5,364 तक पहुंच गई है।



वहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्यों से मिली जानकारी के अनुसार, बीते 24 घंटे में 4 लोगों को मौत हुई है। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या 5,000 के आंकड़े को पार कर 5,364 तक पहुंच गई है। केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है। इसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य केरल की बात करें तो कोरोना वायरल के मामलों में अचानक तेजी आई है।

50 करोड़ रुपये बताई जा रही है इसकी कीमत

# 45 किलो सोने से चमक रहा अयोध्या का राम मंदिर

*भूतल पर बने दरवाजों और सिंहासन में भी सोने का उपयोग*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या





अयोध्या में बना राम मंदिर इस समय एक प्रमुख धार्मिक स्थल बन चुका है, रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं और भगवान राम के दर्शन कर रहे हैं। अब तो राम दरबार का निर्माण भी पूरा हो चुका है, मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी संपन्न हुई है, ऐसे में श्रद्धालुओं की संख्या में और ज्यादा इजाफा होने की उम्मीद है। बड़ी बात यह है कि राम मंदिर को जिस तरह से भव्य बनाया जा रहा है, वो जान सभी हैरान हैं। अब खबर है कि राम मंदिर के निर्माण में 45 किलो शुद्ध सोने का इस्तेमाल हुआ है। इसकी कीमत पर भी 50 करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह जानकारी खुद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने दी है। वे कहते हैं कि मंदिर में इस्तेमाल किए गए सोने की अनुमानित कीमत लगभग 50 करोड़ रुपये है। मंदिर के भूतल पर बने दरवाजों और भगवान राम के सिंहासन के लिए भी बड़े पैमाने पर सोने का इस्तेमाल हुआ है। इसके अलावा, शेषावतार मंदिर में सोने का काम अभी भी जारी है।

### इन हिस्सों का काम बाकी

नृपेन्द्र मिश्रा के मुताबिक इस समय संग्रहालय, सभागार और अतिथि गृह समेत मंदिर परिसर के कुछ हिस्सों का निर्माण बाकी है, वहां अभी भी काम चल रहा है। इस साल दिसंबर तक निर्माण पूरे होने की संभावना है। इसका मतलब यह है कि अगले साल जब श्रद्धालु अयोध्या आएंगे तो उन्हें पूरे राम मंदिर के दर्शन करने को मिलेंगे।

### पर्यटन को मिला बढ़ावा

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद से पर्यटन को भी जबरदस्त फायदा पहुंचा है। कई रिपोर्ट्स इस बात की तस्दीक कर रही हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल जनवरी से सितंबर महीने तक में ही 135.5 मिलियन घरेलू पर्यटक अयोध्या आए थे। इसे दूसरे शब्दों में कहें तो अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद धार्मिक पर्यटन में 70 फीसदी की अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखने को मिली। एक और आंकड़ा बताता है कि अयोध्या में औसतन रोज के 5 लाख श्रद्धालु आए हैं। अब इस आंकड़े को ज्यादा बड़ा इसलिए माना जाएगा क्योंकि इससे पहले तक जब पर्यटन की बात आती है, केरल अकेले 35168.42 करोड़ का रिवेन्यू करता था। वो पूरे देश में पहले पायदान पर था। तब दूसरे नंबर पर गोवा आता था जहां 4.03 लाख तक पर्यटक आते थे। लेकिन अब राम मंदिर अयोध्या की तकदीर बदलता दिख रहा है।

# मीठी नदी घोटाले में डिनो मोरिया के घर पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई के मीठी नदी घोटाले मामले में अब अभिनेता डिनो मोरिया की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। क्योंकि अब ईडी के हाथ डिनो मोरिया तक पहुंच गए हैं। ईडी ने मीठी नदी सफाई घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत अभिनेता डिनो मोरिया और उनके भाई समेत कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर भी की गई है।



- ईओडब्लू के बाद अब ईडी के निशाने पर आए एक्टर

मीठी नदी घोटाला मुंबई महानगरपालिका की ओर से मीठी नदी की सफाई में इस्तेमाल होने वाले स्लज पुशर और ड्रेजिंग मशीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। आरोप है कि इन मशीनों को कोच्चि की कंपनी मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से ऊंचे दामों पर किराए पर लिया गया और इसमें भारी वित्तीय गड़बड़ी हुई। इस घोटाले में बीएमसी को 65 करोड़ रुपये का नुकसान होने का आरोप है। मीठी नदी घोटाले में नाम सामने आने के बाद डिनो मोरिया से ईओडब्ल्यू (ईओडब्लू) पहले ही दो बार पूछताछ कर चुकी है। अब ईडी की जांच की आंच भी अभिनेता तक पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक, यह जांच पीएमएलए के तहत की जा रही है।


MARUTI SUZUKI
NEXA
₹ 9 999 PER MONTH TO DRIVE THE GRAND VITARA.
THE DEAL OF A LIFETIME.
GRAND VITARA
GRAND VITARA
R17 MACHINED ALLOY WHEELS
AUTO PURIFY WITH PM2.5 DISPLAY
8-WAY DRIVER POWERED SEAT
EV MODE
6 AIRBAGS AS STANDARD
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS UP TO ₹ 1 75 000*
SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392
For any bulk purchase enquiries please email to renjith.nair@maruti.co.in
Visit your nearest dealership for full terms and conditions. Creative visualization is used in imagery. For details on safety features (including airbags), refer owner's manual. NEXA dealers exclusively provide all offers, which vary by model and variant. Offers are valid only while supplies last. Not valid on CNG variants. Maruti Suzuki may withdraw offers without notice. Features and accessories shown can vary by variant. Vehicle's black glass appearance is due to lighting. *Warranty: 3 years or 1 00000 km, whichever occurs first. 'EMI @ Rs 9 999' is a scheme illustration for upgrade from Brezza to Grand Vitara sigma variant. Balloon Finance EMI is calculated @ 9.5% rate of interest, Balloon EMI is 30% of the total loan amount and loan tenure of 5 years. Balloon Finance Scheme provided by select financiers. Finance at the sole discretion of financier and may vary basis customer profile. Assured Value Program available for tenure of 3/ 4/ 5 years.

## चिंतन

# ग्रोथ को गति देने के लिए रिजर्व बैंक का बोल्ड स्टेप

मौजूदा वक्त में अर्थव्यवस्था को जिस खुराक की जरूरत थी, रिजर्व बैंक ने वही खुराक दी है। रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर एक साथ उद्योग और लोन उपभोक्ताओं को राहत दी। विशेषज्ञ चौथाई फीसदी कटौती की उम्मीद कर रहे थे, पर केंद्रीय बैंक ने बोल्ड स्टेप लेते हुए नीतिगत दर रेपो रेट में 0.5 फीसदी की कटौती की है। अब रेपो रेट 5.5 फीसदी हो गया है, यह पांच फीसदी के दायरे में है, जिसे सकारात्मक माना जा सकता है। अब रेपो रेट तीन वर्ष के निचले स्तर पर है। इससे आवास, ऑटो और औद्योगिक कर्ज सस्ते होंगे। यह लगातार तीसरी दफा है, जब रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कमी की है। पिछले कुछ तिमाहियों से जहां जीडीपी सुस्त है, वहीं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में कमी दर्ज की जा रही है। औद्योगिक उत्पादन के साथ कोर सेक्टर की ग्रोथ भी हांफ रही है। वर्तमान में जो वैश्विक स्थितियां हैं, उसमें भारत को अगर विनिर्माण का केंद्र बनकर उभरना है तो भारतीय अर्थव्यवस्था को हर मानक पर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कटौती कर सुस्त अर्थव्यवस्था को बूस्ट देने की पहल की है। आरबीआई ने बैंकों के लिए अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की कटौती की है। सीआरआर में कटौती से बैंकों के पास लोन देने के लिए अधिक फंड होंगे। इससे बैंकों के पास नकदी में 2.5 लाख करोड़ की वृद्धि होगी। इन उपायों से वैश्विक स्तर पर जारी चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को जरूरी समर्थन मिलेगा। यह मजबूत कदम है। आरबीआई ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब मुद्रास्फीति अप्रैल में घटकर लगभग छह साल के निचले स्तर 3.16 प्रतिशत और आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में चार साल के न्यूनतम स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई है। भारतीय शेयर बाजार ने भी उछाल के साथ रिजर्व बैंक के कदम का स्वागत किया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इससे पहले, पांच अगस्त, 2022 को यह 5.40 प्रतिशत के स्तर पर थी। आरबीआई इस साल फरवरी से लेकर अब तक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की गई थी। आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को उदार से बदलकर तटस्थ कर दिया है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है, वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को चार प्रतिशत से घटाकर 3.7 कर दिया है। दरअसल, जीडीपी को गति देने के लिए नीतिगत उपायों से घरेलू निजी खपत और निवेश को प्रोत्साहित करना जरूरी है। चूंकि वैश्विक परिवेश अनिश्चित बना हुआ है, इसलिए घरेलू वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करना और भी महत्वपूर्ण है। आरबीआई के मौद्रिक उपायों से खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई समेत विभिन्न क्षेत्रों में कर्ज मांग बढ़ेगी, जिससे आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। लेकिन अर्थव्यवस्था को और भी दवा की जरूरत है, जिसमें जीएसटी के सरलीकरण से लेकर नीतिगत सुधार तक की बात है। एफडीआई नियम उदार है, पर देश में सकारात्मक आर्थिक माहौल भी चाहिए। विनिर्माण क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति चुनौती बनी हुई है, इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

## सारा संसार



श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग नागों के ईश्वर रूप में भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह गुजरात के द्वारका धाम से 17 किलोमीटर बाहरी क्षेत्र की ओर स्थित है। यह रुद्र संहिता में इन भगवान को दारुकावने नागेशं कहा गया है। माना जाता है कि भगवान कृष्ण रुद्राभिषेक के द्वारा भगवान शिव की आराधना करते थे। और बाद में आदि गुरु शंकराचार्य ने कलिका पीठ पर अपने पश्चिमी मठ की स्थापना की।

## साझा संस्कृति

डॉ.रमेश ठाकुर



# सिंगापुर में 'लिटिल इंडिया' नाम से बसा छोटा 'भारत'

प्रवासियों ने अपने हिस्से का थोड़ा-थोड़ा हिंदुस्तान जोड़कर सिंगापुर में भी है एक छोटा सा 'भारत' बसाया हुआ है। उसे 'लिटिल इंडिया' कहते हैं, जो वहां बसे भारतीय मूल के लोगों और सनातनी पर्यटकों के लिए सदैव खास स्थान रहा है। 'लिटिल इंडिया' को लेकर एक किताब लिखी गई है जिसे पढ़कर दूनिया के लोग और ज्यादा जान पाएंगे। उस स्थान को लेकर किताब में न सिर्फ दोनों देशों की साझा संस्कृति बल्कि उसमें सामाजिक परिवर्तन, प्रारंभिक जीवन, परिसर में आयोजित होने वाले तीज-त्योहारों, आकर्षण के विभिन्न केंद्र, महत्वपूर्ण जगहें और प्राचीन काल में व्यापार करने के दौरान उत्पन्न हुई चुनौतियों के संबंध में विस्तार से विवरण किया है। 1970 से पहले इस जगह को 'सेरंगून रोड' कहते थे। किताब का नाम 'लिटिल इंडिया एंड द सिंगापुर इंडियन कम्युनिटीः थ्रू द एजेस' है जिसका बीते दिनों भारतीय उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले और सिंगापुर के पूर्व विदेश मंत्री जॉर्ज यो द्वारा संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। सिंगापुर में भारतीयों की आबादी इस समय करीब 6 लाख 50 हजार के आसपास है, जो वहां की कुल आबादी का 10 फीसदी हिस्सा है। ये आबादी तीसरी सबसे बड़ी जातीय समूह में भी शुमार है। किताब सन् 1822 में 'लिटिल इंडिया' परिसर के मुख्य मार्ग सेरंगून रोड की स्थापना से लेकर अभी तक के कार्य कलापों का विवरण प्रस्तुत करती है कि किस प्रकार वहां भारतीयों ने वाणिज्यिक और सांस्कृतिक विधा में खुद को चुनौतियों का सामना करके स्थापित किया था। 'लिटिल इंडिया' को लेकर 187 पन्नों की लिखी पुस्तक की लेखिका का नाम 'सौंदरा नायकी वैरावन' है, जो विश्व प्रसिद्ध राइटर हैं। उन्होंने इससे पहले भी भारतीयों पर आधा दर्जन से अधिक किताबें लिखी हैं। किताब के प्रत्येक पन्नों में उन पहलुओं का वर्णन किया गया है कि कैसे 'लिटिल इंडिया' का सिंगापुर में निर्माण हुआ और किसने उस जगह की नींव रखी थी। इसलिए कह सकते हैं कि ये पुस्तक भारतीय समुदाय के लोगों की गतिविधियों का दस्तावेज है। शुरुआती दिनों में 'लिटिल इंडिया को बसाने में सिर्फ भारतीयों ने ही बिना स्थानीय सहयोग के अपनी भूमिकाएं निभाई। उसके बाद वहां की हुकूमत ने बजट आवंटन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। चुनावों में प्रत्येक सियासी दल भारतीय मूल के वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। सियासी दल बकायदा अपने घोषणा पत्रों में 'लिटिल इंडिया' को और विस्तार देने का वादा करते हैं। ये स्थान इतना फेमस है कि सिंगापुर पहुंचने वाले तकरीबन भारतीय 'लिटिल इंडिया' जाना नहीं भूलते। उसका परिसर, रेस्तरां, खानपान और बनावट में भारतीय संस्कृति की खुशबू आती है। भवन में कार्यरत अधिकांश भारतीय ही हैं। इसमें जो होटल हैं उनमें प्रत्येक भारतीय व्यंजन मिलते हैं। कहा जाता है कि तमिलनाडु निवासी नारायण पिल्लई सिंगापुर पहुंचने वाले पहले भारतीय थे। सन् 1824 में सिंगापुर में मात्र 756 भारतीय रहते थे, लेकिन उसके बाद भारतीयों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ। सभी जानते हैं कि सिंगापुर एक समृद्ध और विविधता से लबरेज देश है, जो दुनिया के देशों का गहरा प्रतिबिंब है।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



यूएन महासभा

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# यूएन का अमृत पथ गढ़ेंगी एनालेना

जर्मनी ने अपने देश की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 80वें सत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष हेतु नॉमिनेट किया। उन्हें 193 सदस्यीय देशों वाले संगठन में महासभा की अध्यक्षता के लिए कुल 167 वोट हासिल हुए और वह अब विजयी घोषित की जा चुकी हैं। राजनीतिक समझ के लिए सुप्रसिद्ध एनालेना निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र की नयी छवि गढ़ेंगी और और आगंतुक देशों को महासभा में दुनिया की विविध चुनौतियों व संभावनाओं पर बहस के साथ आगे बढ़ेंगी। विशेषज्ञों का दावा है कि एनालेना बैरबॉक जानती हैं कि अपने पैरों पर कैसे खड़ा होना है। इसलिए वह यह भी जानती हैं कि संयुक्त राष्ट्र हित को साधने के लिए अमृत मंत्र क्या है और इसका अमृत पथ कैसे सजेगा।

यूएन महासभा का 80वां सत्र सितम्बर 2025 में आरंभ होगा। जैसा कि सर्वविदित है कि यूएन जनरल असेम्बली की अध्यक्षता हर वर्ष अफ्रीका, एशिया-प्रशान्त, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका व कैरीबिया, पश्चिमी यूरोप व अन्य, इन पांच क्षेत्रीय समूहों में बारी-बारी से बदलती है। इस बार जर्मनी को यह जिम्मेदारी मिली और जर्मनी ने अपने देश की पूर्व विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक को 80वें सत्र के लिए महासभा अध्यक्ष हेतु नॉमिनेट किया। उन्हें 193 सदस्यीय देशों वाले संगठन संयुक्त राष्ट्र में महासभा की अध्यक्षता के लिए कुल 167 वोट हासिल हुए और वह अब विजयी घोषित की जा चुकी हैं। बहुत दिलचस्प बात यह है कि इस महासभा में गोपनीय मतदान होते हैं। एनालेना बेयरबॉक यद्यपि जर्मनी की ओर से एकमात्र उम्मीदवार थीं जिसे स्टेट द्वारा नॉमित किया गया था। हेल्गा शिमड स्व-नामांकित प्रत्याशी थीं। हेल्गा शिमड को भी सात मत प्राप्त हुए। इस प्रक्रिया में 14 प्रतिनिधि सदस्य देशों ने वोटिंग नहीं की लेकिन हेल्गा शिमड के उम्मीदवार बन जाने से यह मतदान दिलचस्प बन गया। यदि हेल्गा के परफ़ॉर्मेंस का मूल्यांकन किया जाए तो यह कहना बिलकुल गलत न होगा कि उनका भी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन रहा। विजयश्री तो एनालेना बेयरबॉक को मिली और अब वह नए सत्र शुरू होने पर यूएनजीए 80वें सत्र की अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगी और विश्व के समस्त आगंतुक देशों को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनिया की विविध चुनौतियों व संभावनाओं पर बहस के साथ आगे बढ़ेंगी।

स्त्रियों के लिए यह पुनः गर्व की बात है कि जर्मन की पूर्व विदेश मंत्री जो कि एक सशक्त स्त्री हैं, वह 80वें ऐतिहासिक सत्र की अध्यक्षता करेंगी। जर्मन सरकार ने इसलिए एनालेना बेयरबॉक को नामांकित करके व उनकी जीत हासिल करके एक बड़ा मैसेज दुनिया को दिया है और समस्त स्त्री समाज को गर्व से भर दिया है। अहम् बात यह है कि पश्चिमी यूरोपीय समूह क्षेत्र से इस दायित्व को संभालने वाली वह पहली और महासभा की पांचवीं महिला अध्यक्ष होंगी। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि एनालेना बेयरबॉक कम 44 वर्षीय उम्र में वैश्विक पटल पर एक बेहद चुनौतीपूर्ण समय में इस पद को संभाल रही हैं जब हिंसक टकराव बढ़े हैं। कई देश युद्ध की आग लिए धधक रहे हैं। बड़े पैमाने पर विश्व में शरणार्थियों की संख्या बढ़ी है। जलवायु संकट व टिकाऊ विकास के लक्ष्य हासिल करने को लेकर संयुक्त राष्ट्र सशंकित है। विश्व में वित्तीय दबाव बढ़े हैं और एनालेना बेयरबॉक के ही कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र के नए महासचिव की चयन प्रक्रिया शुरू होगी और कोई नया चेहरा संयुक्त राष्ट्र की बागडोर संभालेगा। यहां समस्या इस बात की बहुत बड़ी है कि संयुक्त राष्ट्र के बहुपक्षवाद को नई धार देना ज़रूरी है क्योंकि युद्धरत देशों ने कई बार संयुक्त राष्ट्र को अंगूठा दिखाकर मनमानी सैन्य कार्रवाई की और हथियारों का इस्तेमाल किया है। इसलिए यह माना जा रहा है कि वैश्विक बहुपक्षीय व्यवस्था के लिए एक अहम पड़ाव है। यूक्रेन, ग़ाज़ा व अन्य क्षेत्रों में जारी युद्धों का अन्त कराने के प्रयासों पर सुरक्षा परिषद गतिरोध का सामना कर रही है। साथ ही इस गतिरोध के लिए कई बार निंदा करना नाकाफी सा लगने लगा है। वीटो अधिकार प्राप्त देशों की भी आपस में कोई बहुत अच्छी



दोस्ती व संबंध निर्वाह की प्रतिबद्धता नहीं दिखती। ऐसे में चाहे सुरक्षा परिषद् हो या शांति कायम करने वाली दूसरी एजेंसीज जिसका गवर्नेंस संयुक्त राष्ट्र करता है, वहां अनेक चुनौतियां हैं। कोई भी प्रस्ताव वीटो अधिकार प्राप्त देशों पर आ टिकते हैं और समस्याएं मिटती नहीं। चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के आपस में अपने-अपने हित जब टकराते हैं तो संयुक्त राष्ट्र को बहुत असहज भी होना पड़ता है। सहमति का बहुपक्षीय होना, बहुपक्षवाद को अंदर से हिला देता है। एनालेना बेयरबॉक जो कि जर्मन सरकार में विदेश मंत्री का दायित्व संभाल चुकी हैं, उनके नेतृत्व के लिए यह चुनौतियां हैं लेकिन उनका जो सौम्य स्वभाव है और जिस कूटनीतिक रणनीतिकार के रूप में विश्व में उनकी छवि है, उससे उम्मीदें हैं और वह सफल होंगी, इस पूर्ण विश्वास को लेकर दुनिया से उन्हें 167 वोट मिले हैं। इसका अर्थ है कि दुनिया के 167 देश एनालेना बेयरबॉक पर पूर्ण विश्वास व भरोसा करते हैं।

एनालेना बेयरबॉक पर भरोसा इसलिए है क्योंकि महासभा अध्यक्ष के आगामी कार्यकाल के लिए उन्होंने जो प्राथमिकताएं प्रस्तुत की हैं वह बहुत ही प्रासंगिक हैं। यथा संयुक्त राष्ट्र को और अधिक दक्ष व प्रभावी बनाना, टिकाऊ विकास के 2030 एजेंडा को आगे बढ़ाना और महासभा को सही मायनों में एक समावेशी फ़ोरम बनाना। समावेशी-दर्शन की हिमायती एनालेना का विश्वास ही उनकी कूटनीतिक विश्वास की धुरी बनने जा रहा है, एक बात तो यह तय है। दूसरी बात उन्होंने खुद कहा कि मैं देखती हूं कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की विविधता ही हमारी शक्ति है। यही वो स्थान है, जहां सभी राष्ट्र एक साथ मिलते हैं और जहां हर देश के पास एक चेयर व एक आवाज़ है। एनालेना ने लैंगिक समानता, बहुपक्षवाद, नागरिक समाज व युवजन के साथ सम्पर्क व बातचीत को बढ़ावा देने की पैरवी की है। यह उनके युवा नेतृत्व में विश्वास को प्रकट करता है। उनके भीतर के युवा जोश का प्रदर्शन है। उन्हें यह पता है कि बिना लैंगिक समानता व युवा नेतृत्व से सामंजस्य के कोई भी दुनिया की सफलता हासिल नहीं हो सकती। यह भाव ही उन्हें दुनिया में उनके व्यक्तित्व के साथ श्रेष्ठ बनाते हैं। ऐसे ही लोगों पर यदि दुनिया की बड़ी बहुपक्षीय संसद ने भरोसा जताया है तो यह बहुत ही उपयुक्त है और उत्कृष्ट भविष्य की ओर साथ-साथ बढ़ने का संकेत भी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेश स्वयं लैंगिक समानता की बात करते हैं। एनालेना के भी साथ आने से निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र को इस दिशा में सकारात्मक दिशा तय करने में बल मिलेगा। एनालेना पर इसलिए भी भरोसा है क्योंकि वह चाहती हैं कि संयुक्त राष्ट्र को बहुमुखी विश्वास के साथ आगे ले जाया जाए। यह युवा नेत्री की अपनी क्षमता ही मानी जाएगी कि वह इस प्रकार की संभावनाओं का विश्व बनाने के पक्ष में अपने विजन-प्लान के साथ स्वयं को खड़ा करती हैं। एनालेना बेयरबॉक के राजनीतिक करियर की शुरुआत उनके माता-पिता ने की थी। उन्हें 1980 के दशक में परमाणु-विरोधी प्रदर्शनों में ले गए थे। अपनी निजी वेबसाइट पर, वह अपनी किशोरावस्था से ही विश्वव्यापी अन्याय से प्रभावित होने व उसके विरुद्ध आवाज़ उठाने का वर्णन करती हैं। इससे उनके जीवन के उत्कृष्ट सोच को समझा जा सकता है। इस दृष्टि व सोच से विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि विश्व में संयुक्त राष्ट्र को एक शांतिपूर्ण, सौम्य व सर्वहितकारी बनाने में वह पुरजोर कोशिश करेंगी। राजनीतिक समझ के लिए सुप्रसिद्ध एनालेना निश्चय ही संयुक्त राष्ट्र की नयी छवि गढ़ेंगी। उनके बारे में विशेषज्ञों का दावा है कि एनालेना बैरबॉक जानती हैं कि अपने पैरों पर कैसे खड़ा होना है। इसलिए वह यह भी जानती हैं कि संयुक्त राष्ट्र हित को साधने के लिए अमृत मंत्र क्या है और इसका अमृत पथ कैसे सजेगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं और केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित

दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

## व्यक्ति की अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जापान से सीखें पेड़ों का संरक्षण करना

हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है। इस दिवस पर दुनियाभर में पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाएं जाते हैं। लेकिन दुनिया को इसके लिए अभियान ही नहीं चलाने चाहिए, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीरता से काम भी करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए और पेड़ों का संरक्षण करना चाहिए। दुनिया के सभी देशों को जापान की दाईसुगी तकनीक को अपनाना चाहिए। जापान की यह तकनीक लगभग 600 वर्ष पुरानी है। इस तकनीक से वहां पेड़ों से लकड़ी प्राप्त करने के लिए पेड़ को इस तरीके से काटा जाता है कि इससे पेड़ को इतना नुक्सान नहीं होता जिससे पर्यावरण पर कोई उल्टा प्रभाव पड़े। - **कमल वर्मा**, बलौदाबाजार

## करंट अफेयर

# रूस ने ब्रिटिश काउंसिल को 'अवांछनीय' किया घोषित

रूस ने 'ब्रिटिश काउंसिल' को 'अवांछनीय' संगठन घोषित करते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिटेन की खुफिया सेवा 'एमआई-6' 'ब्रिटिश काउंसिल' की आड़ में काम करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में आरोप लगाया कि ब्रिटेन की खुफिया सेवाएं देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से 'ब्रिटिश काउंसिल' का इस्तेमाल करती हैं। जखारोवा ने कहा, ''रूस के सक्षम प्राधिकारियों को जानकारी मिली है कि ब्रिटिश खुफिया सेवाएं स्वतंत्र देशों की संप्रभुता को कमजोर करने के उद्देश्य से अवैध अभियानों में 'ब्रिटिश काउंसिल' का इस्तेमाल करती हैं और यह गोपनीय विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है।'' रूसी महाभियोजक के कार्यालय ने 'ब्रिटिश काउंसिल' को एक अवांछनीय संगठन घोषित किया है, हालांकि यह 2018 से निष्क्रिय है। जखारोवा ने यूक्रेन अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि ''विशेष सैन्य अभियान'' की शुरुआत के बाद 'ब्रिटिश काउंसिल' ने ''ब्रिटेन सरकार के शत्रुतापूर्ण रूसी विरोधी कदमों में अभूतपूर्व रूप से साथ दिया''।



## ऑफ बीट

# प्रति दिन मांस खाने से कोलोरेक्टल कैंसर

प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस के सेवन के प्रभाव पर विश्व कैंसर अनुसंधान कोष द्वारा 500 पेज के अध्ययन के सैकड़ों परिणामों में से केवल एक के बारे में खबर दी। अखबार ने पाठकों को बताया कि हर दिन एक बेकन सैंडविच खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' का खतरा 20 प्रतिशत बढ़ सकता है। यदि यह सापेक्ष जोखिम अनुपात एक से ऊपर है, तो संपर्क में आए व्यक्ति में बिना जोखिम के किसी व्यक्ति की तुलना में रोग विकसित होने की संभावना अधिक होती है। यदि यह एक से नीचे हो तो जोखिम कम हो जाता है। पूर्ण जोखिम किसी विशेष उपचार या जोखिम कारक (उदाहरण के लिए, बेकन सैंडविच खाने या न खाने) के संपर्क में आने या न आने वाले लोगों का अनुपात है, जिनसे किसी दिए गए परिणाम (उदाहरण के लिए, कैंसर) के विकसित होने की आशंका होती है। प्रति दिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से 'कोलोरेक्टल कैंसर' विकसित होने का पूर्ण जीवनकालिक जोखिम पांच से छह प्रतिशत तक बढ़ जाता है। तो यह सच है कि प्रतिदिन 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने वालों के लिए सापेक्ष जोखिम 20 प्रतिशत बढ़ जाता है, लेकिन पूर्ण जोखिम केवल एक प्रतिशत बढ़ता है।



## ट्रेंड

### कुशलता का प्रतीक



आज मोदी जी द्वारा दुनिया के सबसे ऊँचे रेलवे आर्च ब्रिज 'चिनाब रेल ब्रिज' जनता को समर्पित करना जम्मू-कश्मीर के विकास के प्रति हमारे संकल्प का प्रतिबिंब है। चिनाब पर बना यह स्टील आर्च ब्रिज भारत की कुशलता का जीवंत प्रतीक है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सुरक्षा कवच बनाया



ये सपा के अच्छे काम की सोच ही थी कि सड़क से लेकर हर जगह नारी सुरक्षित रहे इसकी सिर्फ़ बात नहीं की बल्कि सच में 1090 का ऐसा सुरक्षा कवच बनाया गया, जो देश के लिए अनुकरणीय बन गया। जनहित में टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल करना वैज्ञानिक सोच से ही आता है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### हार्दिक संवेदनाएं



थेन्नाला बालकृष्ण पिल्लई ने कांग्रेस पार्टी के मूल मूल्यों - प्रतिबद्धता, विनम्रता और ईमानदारी को मूर्त रूप दिया। हमने एक सिद्धांतवादी नेता खो दिया है। उनके परिवार, दोस्तों और अनुयायियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### आईपीएल में दबदबा



मुझे हमारी युवा टीम द्वारा पूरे टूर्नामेंट में दिखाई गई लड़ाई और धैर्य पसंद आया। कैसे हमारे कप्तान ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और कैसे भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ियों ने इस आईपीएल में अपना दबदबा बनाया!

-प्रीति जिंटा, अभिनेत्री

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।




## जैकेट के शेष

### हाईकोर्ट का बड़ा ....

विभु दत्ता गुरु की बेंच ने स्पष्ट किया कि जैविक और गोद लेने वाली या सरोगेट माताओं के बीच मातृत्व लाभों को लेकर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि दत्तक ग्रहण, संतान पालन अवकाश केवल लाभ नहीं है, बल्कि एक ऐसा अधिकार है जो किसी महिला को उसके परिवार की देखभाल करने की मूलभूत आवश्यकता को पूर्ण करता है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता 1972 नियमों के तहत 180 दिन की गोद लेने की छुट्टी की अधिकारी हैं। चूंकि उन्हें मातृत्व लाभ अधिनियम, 2017 के तहत पहले ही 84 दिन की छुट्टी मिल चुकी थी, इसलिए शेष को समायोजित किया जाए। याचिका के मुताबिक वर्ष 2013 में याचिकाकर्ता की आईआईएम, रायपुर में नियुक्ति हुई है। वर्तमान में सहायक प्रशासनिक अधिकारी हैं। उनका 2006 में विवाह हुआ है। 20 नवंबर 2023 को दो दिन की बच्ची को गोद लिया और 180 दिनों के लिए अवकाश के लिए आवेदन किया। संस्थान ने छुट्टी को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि एचआर नीति में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। दायर याचिका के बाद कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि मां बनना एक महिला के जीवन की सबसे स्वाभाविक घटना है। महिला के लिए बच्चे के जन्म को सुविधाजनक बनाने हेतु जो कुछ भी आवश्यक है, नियोक्ता को उसके प्रति विचारशील और सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए और शारीरिक कठिनाइयों का एहसास होना चाहिए जो एक कामकाजी महिला को होती हैं।

### लोन लेना हुआ ...

दरों में कमी आने से लोन की ईएमआई घटेगी, जिससे ग्राहकों को फाइनेंशियल राहत मिलेगी। एक्सपर्ट का मानना है कि यह कदम आर्थिक विकास को रफ्तार देगा। इससे पहले फरवरी और अप्रैल में भी आरबीआई ने रेपो रेट में 25-25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी।

### दुनिया के सबसे ....

पीएम मोदी के साथ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। मोदी ने कहा कि चिनाब रेलवे ब्रिज को बनाने में दो दशक का समय जरूर लगा है, लेकिन इसके शुरू होने के बाद कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच सीधा रेल लिंक बन गया। यह पहली बार होगा कि लोग कन्याकुमारी से सीधा कश्मीर घाटी तक जा सकेंगे। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने अंजी पुल का उद्घाटन भी किया और -श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। मोदी ने कहा कि '46,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर में विकास की नई रफ्तार लाएंगे। ये देश की एकता, इच्छाशक्ति और इंजीनियरिंग का अद्भुत प्रतीक है।' चिनाब ब्रिज 359 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और पेरिस के एफिल टॉवर से भी ऊंचा है।

**हाथ तिरंगा लेकर दे दिया ये संदेश :** हाथ में तिरंगा लेकर पुल पर चलना कोई सामान्य राजनीतिक इशारा नहीं था। यह संदेश था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और कोई भी ताकत इसे भारत से अलग नहीं कर सकती। इसका उद्घाटन करने से पहले पीएम मोदी ने पुल का निरीक्षण किया और इंजीनियरों और मजदूरों से बात की, जिन्होंने इस सपने को हकीकत में बदला।

**कश्मीर के लोगों ने सपने देखना बंद कर दिया था :** पीएम मोदी ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर ने इतनी तबाही देखी थी कि यहां के लोगों ने सपने देखना बंद कर दिया था। उन्होंने आतंकवाद को अपना भाग्य मान लिया था। हमने उन्हें इस स्थिति से बाहर निकाला है, यहां के लोग अब जम्मू-कश्मीर को फिर से फिल्मों की शूटिंग का स्थान बनते देखना चाहते हैं। वे इसे खेलों का केंद्र बनते देखना चाहते हैं।' कटरा के मंच से मोदी ने कहा कि 'पाकिस्तान कई बार पूर्व में हमला कर चुका तब की सरकारों ने उतने ठोस कदम नहीं उठाए जितने उठाने चाहिए थे। जबसे एनडीए की सरकार आई है तब से भारत ने पाकिस्तान के पाले गए आतंकियों द्वारा किए गए हमलों का माकूल जवाब दिया।

**मोदी ने लिया आदिल का नाम :** मोदी ने कहा कि 'आतंकवादियों को चुनौती देने वाला आदिल भी पहलगाम में काम करने गया था ताकि वह अपने परिवार की देखभाल कर सके लेकिन आतंकियों ने उसे मार डाला।

### यह होगा वंदे ...

खुलेगी। यह बनिहाल होते हुए शाम को 6 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 26402, जो वंदे भारत जम्मू तवी एक्सप्रेस है, दोपहर 2 बजे श्रीनगर स्टेशन से रवाना होगी। यह 3 बजकर 10 मिनट पर बनिहाल स्टेशन और शाम 5 बजकर 5 मिनट पर श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 26404, श्रीनगर जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस, सुबह 8 बजे श्रीनगर स्टेशन से चलेगी। यह ट्रेन 9 बजकर 2 मिनट पर बनिहाल स्टेशन और 11 बजकर 5 मिनट पर श्री माता वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी।

### शहर में कोविड की ....

साथ ही गुलाब नगर के एक ही घर के एक अधेड़ व दो बच्चों को कोरोना ने अपनी चपेट में ले लिया है। दोनों बच्चों की उम्र 8 व 15 साल की है, जबकि अधेड़ की उम्र 48 वर्ष बताई जा रही है। इसके साथ ही 10 कोविड संक्रमितों में 4 महिला और 6 पुरूष वर्ग शामिल है। सभी मरीजों के सैंपल रिपोर्ट आरटीपीसीआर के तहत जांची गई है।

### मोदी को साय ...

दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी उनके आवास पर मुलाकात की। जहां राज्य के विकास, नक्सल ऑपरेशन सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब बस्तर का चेहरा बदल रहा है, जो कभी बंदूक और बारूदी सुरंगों के लिए जाना जाता था, आज वहाँ मोबाइल टावर खड़े हो रहे हैं, जो सिर्फ संचार का माध्यम नहीं बल्कि विकास और विश्वास के प्रतीक बन चुके हैं। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि सरकार द्वारा विगत डेढ़ वर्ष में 64 नए फॉरवर्ड सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है। इन सुरक्षा चौकियों के आसपास गांवों में न केवल पुलिस की उपस्थिति से सुरक्षा की भावना बनी है, बल्कि इन इलाकों में अब नेटवर्क भी पहुंच गया है। सरकार ने अब तक कुल 671 मोबाइल टावर चालू कर दिए हैं, जिनमें से 365 टावरों में 4G सेवा उपलब्ध है। यह न सिर्फ तकनीकी बदलाव है, बल्कि यह संकेत है कि अब आदिवासी क्षेत्रों में संचार क्रांति की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों की सराहना की और छत्तीसगढ़ के विकास में केंद्र सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### सुधाकर के बाद ...

घेराबंदी कर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन गुरूवार को सुरक्षाबलों ने एक करोड़ के ईनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधाकर को मार गिराया था। इस मुठभेड़ के बाद से ही डीआरजी, एसटीएफ व कोबरा की संयुक्त टीम इलाके में लगातार सर्च अभियान चला रही थी। शुक्रवार सुबह नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में जवानों ने 40 लाख के ईनामी तेलगांना स्टेट कमेटी सचिव मैलारपु अड़ेल्लू उर्फ भास्कर को मार गिराया। मौके से सुरक्षाबलों ने मारे गए नक्सली भास्कर के शव के अलावा एके 47 रायफल, विस्फोटक व गोला बारूद बरामद किया है। वहीं फोर्स द्वारा वर्तमान में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### संस्कृत बोर्ड की ....

रही है। इसमें कुछ नए फीचर्स भी जोड़े जाएंगे, जिससे स्कूलों और छात्रों को आवेदन करने से लेकर अन्य सभी तरह कार्यों में अतिरिक्त सुविधाएं मिल सकें। सूत्रों के अनुसार, माहांत तक नई वेबसाइट लॉन्च कर दी जाएगी। नवीन शैक्षणिक सत्र की सभी प्रक्रियाएं इस वेबसाइट पर ऑनलाइन मोड में ही होंगी।

दूसरी ओर, संस्कृत विद्यामंडलम की पूरक परीक्षाएं 16 जून से प्रारंभ हो रही हैं। 23 जून तक ये परीक्षाएं चलेंगी। चूंकि संस्कृत विद्यामंडलम की वेबसाइट हैक हो गई है, ऐसे में आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन मोड में ही की गई है। छात्रों द्वारा उनके विद्यालयों में पूरक परीक्षा के लिए आवेदन पत्र जमा किए गए हैं। विद्यालयों द्वारा 10 जून तक ये सभी आवेदन संस्कृत विद्यामंडलम में जमा किए जाएंगे।

### केवल 176 छात्र ....

मिली है। ये संख्या नियमित छात्रों की है। इनके अतिरिक्त बारहवीं कक्षा में 5 प्राइवेट छात्रों को भी पूरक श्रेणी में रखा गया था। गौरतलब है कि इस वर्ष 12वीं का रिजल्ट 71.01% और 10वीं का 53.49% रहा। नियमित व स्वाध्यायी मिलाकर नवमी से बारहवीं कक्षा तक 3058 छात्रों ने परीक्षा दिलाई थी।

## पेज एक के शेष

### केएससीए को हाईकोर्ट से...

और कार्यक्रम के आयोजकों पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि पुलिस ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसके कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ हाईकोर्ट की शरण में पहुंचा था। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया। भगदड़ के मामले में पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसले भी शामिल हैं। पुलिस कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सचिव शंकर और कोषाध्यक्ष जयराम के घर भी पहुंची थी, लेकिन वे मिले नहीं। वे फरार बताए जा रहे हैं।

**जांच में सहयोग करें तो न करें कार्रवाई : कोर्ट :** कर्नाटक हाई कोर्ट से केएससीए पदाधिकारियों को राहत मिली है। कोर्ट ने किसी भी पदाधिकारी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बता दें कि राज्य क्रिकेट संघ ने अपने प्रबंधन और अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने कहा, अगली सुनवाई की तारीख तक कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, बशर्ते कि वे जांच में सहयोग करें।

**पुलिस कमिश्नर समेत कई आला अधिकारी निलंबित :** कर्नाटक सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, के गोविंदराज को सिद्धारमैया के राजनीतिक सचिव के पद से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया गया है। हालांकि, ये अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है कि ये कार्रवाई बेंगलुरु भगदड़ मामले में की गई है या किसी अन्य मामले में। इससे पहले सरकार ने कब्बन पार्क थाने के इंस्पेक्टर, स्टेशन हाउस मास्टर और ऑफिसर, एसीपी, स्टेडियम प्रभारी और पुलिस कमिश्नर समेत कई अधिकारियों को सस्पेंड किया था।

## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।


**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA
**Distt.-Sarangarh-Bilaigarh (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

क्र. /302/ न.पं./लो.नि. /2025 — बरमकेला, दिनांक 06.06.2025

Online bids in three envelop system are invited for the following construction works/ up to date 30.06.2025 at 17.30 Hours

| Sl. No. | Description | STNO. | Amount of the Estimate/ EMD Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | Garden Contruction Work in Ward 09 | 169791 | (1) Rs. 47.64 Lac. (2) 35800/- (EMD) |
| 2 | ZONAL WORK (YEAR 2025-26) NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA | 169793 | (1) Rs. 19.00 Lac. (2) 14300/- (EMD) |

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal http://eproc.cgstate.gov.in From 30.06.2025 at 17:30 Hours. (IST) onwards. For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

**CHIEF MUNICIPAL OFFICER**
**NAGAR PANCHAYAT BARAMKELA**

## शब्द पहेली - 5890



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5889 का हल**



## नौसेना को मिलेगा 18 को अत्याधुनिक जहाज

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना को 18 जून को एक नया और अत्याधुनिक जहाज मिलने जा रहा है। नौसेना के पहले एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अर्नाला को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह समारोह विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में होगा और इसकी अध्यक्षता जनरल अनिल चौहान, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष करेंगे। इस कार्यक्रम की मेजबानी उत्तरी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल राजेश पेंढरकर करेंगे।

**महाराष्ट्र विस : पूर्व कर्मचारी को 10 साल की जेल :** मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय के एक पूर्व 'कैशियर' को आय के ज्ञात स्त्रोतों की तुलना में अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

## कार्यालय नगर पंचायत पुसौर जिला रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 255/ लो.नि.शा./अधो.म./न.पं./2025-26 पुसौर दिनांक 06/06/2025

**// मैन्युअल चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निविदा प्रपत्र 'अ' में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि-12/06/2025 समय 5.00 PM
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि- 16/06/2025 समय 5.00 PM
3. निविदा प्रपत्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि- 23/06/2025 समय 4.30 PM
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि व समय- 23/06/2025 समय 5.00 PM

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | वार्ड 05 फिल्टर प्लांट के पास अतिरिक्त कक्ष (स्टोर रूम) निर्माण कार्य। | 3.50 |
| 2. | वार्ड 05 में शनि मंदिर के पास चबुतरा निर्माण कार्य। | 4.00 |

टीप :- (1) उपरोक्त कार्यों की निविदा शर्तें, अमानत राशि एवं अन्य नियम शर्तें कार्यालयीन दिवस व समय में कार्यालय में तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत पुसौर**

## कार्यालय अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज, रायपुर
**काली माता मंदिर के पीछे, आकाशवाणी चौक, रायपुर फोन नं 0771-4048829**

क्रमांक 776 अधी./स्टे. गै./2025 — रायपुर, दिनांक 05/06/2025

**// निविदा आमंत्रण //**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के अधीन मे कुल 07 पुरानी अनुपयोगी / निष्प्रयोजित वाहन (टोयोटा इनोवा, टाटा मांजा, इडिगों, टाटा सूमो, महिन्द्रा बोलेरो, मारूति एसएक्स4, आदि) प्रकार की वाहन का नीलाम किये जाने हेतु बंद निविदा आमंत्रित किया जाता है। नीलाम किये जाने वाले वाहनों का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर के वर्कशॉप में (काली मंदिर के पीछे) जल संसाधन विभाग के परिसर में किया जा सकता है।

निविदा फार्म नियम एवं शर्तों की जानकारी 300.00 नकद जमा कर छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज (वर्कशॉप) जल संसाधन विभाग परिसर, काली मंदिर, आकाशवाणी चौक के पास रायपुर से निविदा फार्म दिनांक 06.06.2025 से 17.06.2025 समय दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म दिनांक 17.06.2025 दोपहर 02.00 बजे तक जमा की जावेगी। इसके पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किये जायेगें। निविदा उपस्थित निविदाकर्ताओ/प्रतिनिधि के समक्ष सांयकाल 03.00 बजे दिनांक 17.06.2025 को खोली जावेगी। अधीक्षक, छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज रायपुर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

**अधीक्षक**
**छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज**
G-252601404/4

## सिविल लाइन्स, रायपुर में रेडक्रॉस भवन, प्रथम तल, किराया हेतु उपलब्ध

सिविल लाइन्स, रायपुर स्थित आधुनिक रेडक्रॉस भवन, प्रथम तल, पर 4300 वर्ग फीट से अधिक का हॉल किराये पर उपलब्ध है। भवन सिविल लाइन्स पर गांधी गार्डन प्रवेश द्वार के पास, योग आश्रम के बाजू स्थित है और सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त है।

1. **कारपेट एरिया** - 4300 वर्गफीट
2. **सडक संपर्क** - जी.ई. रोड़
3. **आस-पास के क्षेत्र** - मुख्यमंत्री निवास, गांधी उद्यान, योग आश्रम।
4. **भवन का प्रकार** -व्यवसायिक
5. **भवन का विवरण :-**
   नाम- **"रेडक्रॉस अत्याधुनिक ब्लड सेंटर"** भू-तल में स्थित
   **प्रथम तल** - 4300 में निर्मित हॉल
6. **सुविधायें -**
   अ) हॉल जिसे व्यापारिक सुविधा अनुसार पार्टिशन किया जा सकता है।
   ब) 24 घंटे पानी, बिजली की सुविधा।
   स) वाहन पार्किंग हेतु पर्याप्त व्यवस्था।
   द) रायपुर शहर के हृदय स्थल में निर्मित।
   इ) राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, अन्य मंत्रियों एवं अधिकारियों के निवास तथा कलेक्टोरेट से अधितम 5.00 मिनट की दूरी पर स्थित
7. **संपर्क नं.** - 94255 04447

भवन में स्वास्थ्य सेवा या बैंकिंग से संबंधित कार्य तथा कार्यालय उपयोग के लिये प्राप्त प्रस्ताव को प्राथमिकता दी जायेगी।

इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थान कार्यालयीन समय पर सचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छ.ग. राज्य शाखा कार्यालय, कलेक्टोरेट परिसर, प्रथम तल पर संपर्क कर सकते हैं।

**(डॉ. रुपल पुरोहित)**
**जनरल सेक्रेटरी**

## NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19,
Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com,
http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

NIT No: 21/FFNS, FE & AWDS-IIIT/AEC-VI/CE/NRANVP/2025-26, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 05.06.2025

**Name of Work:** "Development of integrated firefighting network system, Fire extinguishers, automated water distribution system for IIIT campus at sector-24 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (CG)" (1st Call)

Estimated cost: INR **2.81 Cr., EMD: INR 3.81 Lakh**, Period of Completion: **06 Months**

Last Time & Date of Online Submission: **15:00hrs on 26.06.2025**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) **http://eproc.cgstate.gov.in** directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S-44108/2 — **Chief Engineer, NRANVP**

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला (स्नातकोत्तर) स्वशासी महाविद्यालय, कालीबाड़ी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़

**// छात्रावास मेस ठेका सत्र 2025-26 हेतु निविदा आमंत्रण //**

महाविद्यालय छात्रावास मेस ठेका सत्र 2025-26 हेतु निविदा आमंत्रित है। ऐसे मेस संचालक जो किसी महिला/ कन्याओं हेतु संचालित शासकीय शिक्षण संस्थान/ शासकीय महिला प्रशिक्षण संस्थान में कम से कम 400 छात्राओं का भोजन व्यवस्था संचालन का सतत अनुभव 03 वर्ष अथवा कुल 05 वर्षो का रखते हो तथा छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य विभाग एवं जीएसटी विभाग में पंजीकृत हो, निविदा में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राईवेट संस्थाओं के अनुभव प्रमाण पत्र मान्य नही होंगे।

निविदा प्रपत्र छात्रावास कार्यालय से रू. 1500/- (रू. पन्द्रह सौ मात्र) का भुगतान कर प्रातः 11.00 से 05.30 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | : | 17.06.2025 कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक |
| पूरित किए गए निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि | : | 23.06.2025 समय संध्या 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | : | 23.06.2025 समय संध्या 4.00 बजे स्थान : महाविद्यालय प्राचार्य कक्ष |

**प्राचार्य**
**Govt. D.B. Girls P.G. College**
**Raipur, C.G.**
G-252601392/3

## GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MANIYARI WATER RESOURCES DIVISION, MUNGELI, DISTT.- MUNGELI (C.G.

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**NIT No.: 03/SAC/2025-26, Gr.No. 01, 02 & 03** — **Dated: 05.06.2025**

Online Tenders are invited for the following works up to **26-06-2025 at 17.30 Hour**

**Group No. 01 Name of work Renovation of old structures, Construction of new Structures & C.C. Lining (Total length 7.00 KM) work in D-3 Branch Canal of Surajpura Minor of Maniyari Tank Scheme.**

**(FIRST CALL) System Tender No. 169572, Probable Amount of Contract: Rs. 294.67 Lakhs** (As Per SOR Amended on 22.08.2022)

**Group No. 02 Name of work Renovation of old structures work, Construction of new Structures & C.C. Lining of Manki Minor canal of Maniyari Tank Scheme.**

**(FIRST CALL) System Tender No. 169573, Probable Amount of Contract: Rs. 226.58 Lakhs** (As Per SOR Amended on 22.08.2022)

**Group No. 03 Name of work Renovation of old structures work, Construction of new Structures & C.C. Lining of Baghmar Minor canal of Maniyari Tank Scheme.**

**(FIRST CALL) System Tender No. 169574, Probable Amount of Contract: Rs. 291.84 Lakhs** (As Per SOR Amended on 22.08.2022)

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) from **Date 12.06.2025, at 17.31 Hours.(IST) onwards.**

**NOTE:-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**EXECUTIVE ENGINEER MANIYARI**
**W.R. DIVISION MUNGELI**
**DISTT-MUNGELI (C.G.)**
G-252601411/4

## सूडोकु नवताल - 5900
★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5899 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |



# उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी ठग लाइफ, पहले दिन रही धीमी शुरुआत

**मुंबई।** कमल हासन की 'ठग लाइफ' अपनी रिलीज से पहले ही काफी चर्चाओं में है। कमल हासन के एक बयान को लेकर विवाद भी उठा, जिसके बाद फिल्म और भी चर्चाओं में आ गई। ऐसे में उम्मीद थी कि फिल्म रिलीज के बाद गर्दा उड़ा देगी। हालांकि, पहले दिन की कमाई देखकर ऐसा नहीं लगता है। ठग लाइफ ने पहले दिन 17 करोड़ की कमाई के साथ शुरुआत की है। कमल हासन और मणिरत्नम जैसे दिग्गजों को देखते हुए फिल्म की शुरुआत थोड़ी धीमी ही कही जाएगी। ठग लाइफ के जरिए निर्देशक मणिरत्नम और कमल हासन लगभग 37 साल बाद एक साथ वापस लौटे हैं। नायकन जैसी हिट फिल्म देने के बाद दोनों के एकसाथ वापस आने से फैंस को ठग लाइफ से काफी उम्मीदें थीं।



## लाइफ Style

# अनन्या

## पार्टनर के लिए बदल जाते हैं लोग

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या ने खुलकर रिलेशनशिप को लेकर अपनी राय पेश की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनन्या पांडे ने बताया कि वह अक्सर अपने पार्टनर को खुश करने के लिए खुद को बदल लेती थीं, जैसे उनकी पसंद की फिल्में देखना या उनके जैसा कपड़े पहनना। अनन्या ने इसे अपने लोगों को खुश करने वाले व्यक्तित्व का हिस्सा बताया। इसके साथ ही उन्होंने रिलेशनशिप में धोखा देना, झूठ बोलना, और अपने पार्टनर को सार्वजनिक रूप से नीचे दिखाने को लेकर भी बात की। अनन्या के लिए सबसे बड़ा खतरा यह है कि अगर कोई पार्टनर उनकी सफलता से खुश न हो। उन्होंने कहा कि रिलेशनशिप में ईमानदारी और एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार करना जरूरी है।

कथित तौर पर पहले अनन्या का नाम ईशान खट्टर, कार्तिक आर्यन और आदित्य रॉय कपूर के साथ जोड़ा गया था। अब अफवाह है कि वह पूर्व मॉडल वॉकर ब्लैंको को डेट कर रही हैं, लेकिन उन्होंने इस पर कोई चर्चा नहीं की। हाल ही में अनन्या एक्टर अक्षय कुमार और आर माधवन के साथ फिल्म केसरी चैप्टर 2 में नजर आईं, जिसे दर्शकों और आलोचकों ने पसंद किया। वह जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म चांद मेरा दिल में लक्ष्य के साथ और कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक कॉमेडी फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी में नजर आएंगी। फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी 13 फरवरी, 2026 को रिलीज होगी।

# स्पिरिट के बाद अब कल्कि 2 से बाहर हुईं दीपिका



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, जिन्होंने हाल ही में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्सनल लाइफ में असफलताओं का सामना कर रही हैं। एक्ट्रेस को संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से हटाए जाने के बाद, ताजा चर्चा है कि उन्हें प्रभास स्टारर कल्कि 2 से भी हटाया जा सकता है। बॉलीवुड.मोबी की एक रिपोर्ट के अनुसार, मां बनने के बाद दीपिका द्वारा "कम काम के घंटे" मांगे जाने के कारण "सेट पर तनाव" पैदा हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कल्कि 2 के निर्माता अब उन्हें पूरी तरह से फिल्म से हटाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभिनेत्री या निर्माताओं द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इससे पहले, दीपिका पादुकोण को फीस पर असहमति और गैर-पेशेवर व्यवहार के आधार पर संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से हटा दिया गया था। संदीप रेड्डी वांगा को तब झटका लगा जब दीपिका पादुकोण ने स्पिरिट के लिए प्रतिदिन 6 घंटे से ज़्यादा शूटिंग करने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने अपनी एजेंसी के ज़रिए कॉन्ट्रैक्ट में संशोधन की मांग भी शुरू कर दी।

# रणबीर कपूर के क्लीन-शेव लुक ने चौंकाया



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर इन दिनों फिल्म रामायण को लेकर सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की रामायण में वो राम के अवतार में नजर आने वाले है। हाल ही में रणबीर मुंबई में क्लीन-शेव और लीन बॉडी में नजर आए। रणबीर का ये अवतार देखने के बाद फैंस हैरान हो गए। एक्टर की ये नया लुक देख फैंस ने संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म 'लव एंड वॉर'की चर्चाएं शुरू कर दी है। वहीं, कुछ एक्टर को उनके नए क्लीन-शेव लुक में देखा कहने लगे 'उम्र सिर्फ एक नंबर है। रणबीर कपूर ने रोमांटिक हो या फिर एक्शन अपने पिता ऋषि कपूर और दादा राज कपूर की तरह अपने हर किरदार में जान फूंकी है। हाल ही में उनका नया लुक देख फैंस ने उनकी अपकमिंग फिल्म लव एंड वॉर की चर्चाएं शुरू कर दी है। कुछ फैंस तो पूछ रहे हैं कि क्या यह फिल्म के लिए उनका नया लुक है? सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ, जिसमें रणबीर को कैजुअल लाल टी-शर्ट और जींस के साथ नीली कैप पहने देखा जा सकता है। इस दौरान वह पैप्स से हंसी मजाक करते हुए भी नजर आए। उन्होंने पैप्स के साथ फोटो भी क्लिक कराई। रणबीर के अंदर बड़ा ट्रांसफॉमेशन देखा गया, कुछ फैंस को उन्हें देख वेक अप सिड के दिनों की याद आ गई। एक ने लिखा- 'वेक अप सिड ट्रांसफॉर्मेशन इन 40s. अविश्वसनीय।' एक अन्य ने लिखा- वो 20 साल का लग रहा है! कितना क्यूट। एक अन्य यूजर ने लिखा- वो कॉलेज से निकला लड़का लग रहा है।

---

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152


## एजूकेशन स्पेशल

कोटा स्टडी सर्कल®
भिलाई/रायपुर
Dhananjay 92.4% Class 10th
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के पृथक-पृथक बैचेस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग हॉस्टल

रायपुर कोटा सेंटर
भाटिया कॉम्पलेक्स, जी.ई. रोड रायपुर (छ.ग.)
9301547784

भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927


## Appointment आवश्यकता

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ. 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019.** (RO-074)

**आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी सिक्योरिटी गार्ड की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः- 5 से 10वर्ष योग्यता: 10वी पास वेतन: 15000 से 20000 केवल अनुभवी उम्मीदवार ही **संपर्क करें:- 9109972720.** (RO-091)

## शिक्षाकर्मी

**आवश्यकता है-** लेडी इंचार्ज, रिशेप्सनिष्ट, कम्प्यूटर टीचर एवं फिजीक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ्स, इंगलिश, एकाउंट, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर की आवश्यकता हैं। साक्षात्कार 10.06.2025 प्रातः 9:30बजे, **रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855**(RO6982)

**विवेकानन्द विद्यापीठ**
कोटा, रायपुर (छ.ग.) 492010
Email:vvr1929@gmail.com
संस्था द्वारा संचालित आदर्श आवासी उमा. विद्यालय में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्यापन हेतु गणित, रसायन एवं वाणिज्य विषयों मे अंशकालीन व्याख्याताओं एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक दिनांक 11.06.2025 तक संस्था के उपरोक्त पते मे अथवा ई-मेल पर आवेदन भेज सकते है।
प्राचार्य

**Requirement-** Gurunanak Daffodil school 1. English Teacher (Secondary Classes) 2. Pre-Primary Teacher 3. Primary Teacher 4. Computer Teacher B.ED Female candidate preffered walk in on **13/06/2025,** Friday. Timing- **9:30am to 12:30pm.** Add- Near Friends Cafe, Vaishali nagar, Bhilai. Contact- **8109128056, 9827906768** (आरो न.-764)

**आवश्यकता है- महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उ.मा.वि.** तीन दर्शन मंदिर केम्प- 1 भिलाई को सभी विभाग में विषय शिक्षकों की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित **विद्यालय में संपर्क करें।** (आरो न.-763)

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम के स्कूल हेतु आठवीं तक पढ़ाने विवाहित शाकाहारी संस्कारी टीचर ( पार्ट टाइम /फुल टाइम )10 सुबह से 4 शाम चाहिए एक आयामदर 1 कुक महिला (सादा भोजन) महिला व 1 श्रमजीवी मजदूर की आवश्यकता है मानदेय/ निवास /अन्य सुविधाएं पात्रतानुसार **संपर्क - गोकर्ण हायर सेकेंडरी स्कूल धुसेरा- सेजबहार रायपुर संपर्क -9977604440 सुबह 8:00 से 10 तक** (RO-6884)

## ट्रस्ट कार्य

**आवश्यकता है-** ट्रस्ट में काम करने के लिए ईमानदार एंव मेहनती युवक-युवतियों एंव दिव्यांग की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार दिया जाएगा। पुरे छत्तीसगढ राज्य के हर तहसील कस्बा। एंव जिला के लिए - **संपर्क- 9770131293.** (RO-6883)

## सेल्समैन

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों जो सेल्समैन का काम कर सके आवश्यकता है **संपर्क करें जैन ट्रेडर्स नियर एसबीआई एटीएम आकृति बिहार अमलीडीह रायपुर मो , 7469980000, 0771 4075490.** (RO-6882)

## चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ जिसमें जी.एन. एम. व बी.एस.सी. नर्सिंग फिजियोथेरेपी डॉक्टर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर व वार्ड बॉय एवं स्वीपर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें- श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर (छ.ग.) मों नंबर 9691631006, 9926115911, 9617952445.**(RO-6860)

## लेबर

**आवश्यकता है-** राजनांदगांव के पास स्थित फार्म में ही रह कर काम करने के लिए परमानेंट लेबरों की। **संपर्क :- 7722916130** (आरो न.-767)

## पैकेजिंग/ डिलवरी कार्य

**रायपुर।** भारत के अग्रणी और विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने एक भव्य हाई ज्वेलरी प्रदर्शनी का आयोजन किया है। यह तीन दिवसीय विशेष आयोजन 6 से 8 जून तक हयात होटल में सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। इस एक्सक्लूसिव शोकेस में दुर्लभ और बेमिसाल डायमंड, पोल्की, सोलिटेयर और कलर जेमस्टोन ज्वेलरी के कलेक्शन को पेश किया गया है। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण एक शानदार नेचुरल डायमंड सोलिटेयर नेकलेस है, जिसकी कीमत 6 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। यह हार कल्याण ज्वेलर्स की उत्कृष्ट डिजाइन परंपरा और कारीगरी का बेजोड़ उदाहरण है। प्रदर्शनी में पारंपरिक पोल्की ज्वेलरी के साथ-साथ समकालीन डिज़ाइनों का भी खूबसूरत संगम देखने को मिलेगा। इसके अलावा, रंगीन रत्नों से सजी आधुनिक शैली की ज्वेलरी भी इस शो में ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र है। कल्याण ज्वेलर्स का यह प्रयास अपने विशिष्ट ग्राहकों को एक बुटीक-शैली का व्यक्तिगत और भव्य अनुभव प्रदान करने का है, जिसमें ग्राहक इन बेहतरीन आभूषणों को नजदीक से देखकर उनकी विशिष्टता को समझ सकेंगे और खरीद सकेंगे।



- 6 करोड़ रुपए का डायमंड नेकलेस होगा आकर्षण का केंद्र

# छत्तीसगढ़ में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन होगा बेहद आसान और तेज

**रायपुर।** जब ज़मीन या प्रॉपर्टी खरीदना हो, तो सबसे जरूरी होती है भरोसेमंद और तेज़ सेवा। अब छत्तीसगढ़ के नागरिकों के लिए यह सुविधा और भी सरल हो जाएगी, क्योंकि राज्य सरकार ने बीएलएस इंटरनेशनल के साथ मिलकर आधुनिक सब-रजिस्ट्रार ऑफिसेस के पहले चरण की शुरुआत कर दी है। अब आपको लंबे इंतजार और कागजी काम से गुजरने की जरूरत नहीं, क्योंकि ये नए डिजिटल ऑफिस पारदर्शिता और तेजी के साथ प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को बहुत आसान बना देंगे। राज्य में कुल 104 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस (एसआरओ) हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से मॉडल एसआरओ में बदला जाएगा।

पहले चरण में, राजधानी रायपुर समेत 19 प्रमुख स्थानों पर शुरू हो चुके ये मॉडल ऑफिस बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, रियल-टाइम स्टेटस अपडेट और ग्राहक सहायता जैसी सुविधाओं से लैस हैं, जिससे आपकी सेवा अनुभव बेहतर और परेशानी मुक्त हो।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301

ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :–16/R2/2025-26/RWD/EE/GIRIDIH दिनांक :– 06.06.2025

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | टाईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/GIRIDIH/ 26/2024-25 | पंचायत अलगुन्दा के ग्राम अलगुन्दा मदनपुर से गडरमा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0) | 1,63,49,800.00 | एक करोड़ तिरसठ लाख उनचास हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रका न की तिथि:– 12.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 23.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 25.06.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं0– 06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह।

PR.NO.354457 REO(25-26):D

### एनटीपीसी समूह की स्थापित क्षमता 80,265 मेगावाट पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की अनुषंगी की अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने 1,255 मेगावाट की खावड़ा सौर परियोजना से 110.25 मेगावाट की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। इसके साथ एनटीपीसी समूह की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 80,265 मेगावाट हो गई है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी की पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 1,255 मेगावाट की खावड़ा-I सौर पीवी परियोजना के पहले चरण के तहत 110.25 मेगावाट की क्षमता छह जून को रात 12 बजे बजे वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी।

# जापान में बंद होने जा रहा है मारुति स्विफ्ट का उत्पादन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने साल 2026 के मई से जापान में अपने स्विफ्ट मॉडल के प्रोडक्शन को बंद करने का फैसला लिया है। निक्केई की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। पहले तो कंपनी ने प्रोडक्शन रोकने की वजह का खुलकर कोई जिक्र नहीं किया था, लेकिन अब इसे चीन के रेयर अर्थ एलिमेंट्स के एक्सपोर्ट पर लगाए गए प्रतिबंध से जोड़कर देखा जा रहा है। चीन ने सैमेरियम, गैडोलीनियम, टेरबियम, डिस्प्रोसियम, ल्यूटेटियम, स्कैंडियम और यिट्रियम जैसे सात आरईईएस के निर्यात पर रोक लगा दी है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स का सबसे ज्यादा उत्पादन चीन में होता है। ऐसे में इसके निर्यात पर प्रतिबंध लगने से ऑटोमोबाइल और डिफेंस जैसे कई सेक्टरों पर असर पड़ने की उम्मीद है क्योंकि इन इंडस्ट्रीज में इन तत्वों का इस्तेमाल बढ़-चढ़कर होता है।

*चीन रेयर अर्थ एलिमेंट्स का 90 प्रतिशत सप्लायर :* *चीन इन रेयर अर्थ एलिमेंट्स का 90 प्रतिशत सप्लायर है। ऐसे में सप्लाई में कमी आने की वजह से जापान में सुजुकी को यह कदम उठाना पड़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, टैरिफ को लेकर होने वाली अगली बातचीत के दौरान जापान रेयर अर्थ की सप्लाई स्ट्रैटेजी पर अमेरिका के साथ सहयोग का प्रस्ताव रख सकता है। इसके जरिए चीन पर अपनी निर्भरता को कम करते हुए जापान अपनी अर्थव्यवस्था की पहुंच कई महत्वपूर्ण खनिजों तक सुनिश्चित करना चाहती है।*

डॉ. वाधवानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत
लघु फिल्म प्रतियोगिता-2025

मानव अधिकारों के संवर्धन एवं संरक्षण को प्रोत्साहित करने वाली एनएचआरसी की 'लघु फिल्म प्रतियोगिता – 2025' के लिए भारतीय नागरिकों से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती हैं।

विवरण के लिए एनएचआरसी की वेबसाइट www.nhrc.nic.in से आवेदन पत्र, नियम और शर्तें डाउनलोड करें और प्रविष्टि केवल ऑनलाइन ईमेल पते पर भेजें: nhrcshortfilm@gmail.com प्रविष्टियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 है।

यदि कोई स्पष्टीकरण हो तो इसके लिए कृपया उप निदेशक (मीडिया और संचार), एनएचआरसी, भारत को उपरोक्त ईमेल पते पर लिखें।

cbc 53101/11/0001/2526

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, गिरिडीह।
e-Mail I.D. – eercdgiridih-jhr@nic.in

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पी0 आर0 संख्या 353264 पथ (2025–26) एवं निविदा आमंत्रण सुचना सं0 RCD/GIRIDIH/523/2025-26 द्वारा प्रकाशित बड़कीटांड–तीनपतली–डोकीडीह–गिरनिया मोड़ पथ (कुल लंबाई 11.065 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य (भू–अर्जन एवं Plantation सहित) वर्ष 2025–26 हेतु आमंत्रित निविदा में अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 6075(एस) दिनांक 06.11.2018 के आलोक में आंशिक संशोधन किया जाता है जो निम्न प्रकार से है :–

Section 1: Instructions to Bidders के पृष्ट संख्या 12 एवं 23 के [C1.4.5A(c)] में executed in any one year, the minimum quantities of the following items of work as indicated in Appendix में RDRR & Steel की मात्रा दर्शायी गई है जिसे Deleted समझा जाय।

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

यह शुद्धि पत्र वेबसाईट पर भी उपलब्ध कराया जा रहा है – http://jharkhandtenders.gov.in

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,
गिरिडीह

PR 354476 (Road) 25-26 (D)

**इरेडा के क्यूआईपी निर्गम का न्यूनतम मूल्य तय : नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा के निदेशक मंडल ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) निर्गम के लिए आधार मूल्य 173.83 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। कंपनी इसके जरिये करीब 5,000 करोड़ रुपये जुटाएगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001 फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। • ऑपरेशन द्वारा ईलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना • दांतो की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्ट्डी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292



# फ्रेंच ओपन : गॉफ और सबालेंका के बीच होगा खिताबी मुकाबला

एजेंसी ▸▸ पेरिस

अमेरिका की कोको गॉफ का सामना शनिवार को फ्रेंच ओपन महिला एकल फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका से होगा।

तीन साल पहले फ्रेंच ओपन में पदार्पण करने वाली 18 साल की गॉफ फाइनल में हार गई थी। उन्होंने इस बार फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोई बोइसों को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने मई में मैड्रिड ओपन में गॉफ को हराया था। इस बार उन्होंने सेमीफाइनल में गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 7-6, 4-6, 6-0 से मात दी।



### अल्काराज फाइनल में पहुंचे

पेरिस। गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी के चौथे सेट की शुरुआत में चोट के कारण मुकाबले से हटने से फाइनल में पहुंच गए।आठवीं वरीयता प्राप्त इटली के मुसेटी ने मुकाबले से जब हटने का फैसला किया उस समय अल्काराज 4-6, 7-6, 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे।

## वाणी आखिरी नौ होल में चार बर्डी के दम पर बनीं चैंपियन



*बेंगलुरु। वाणी कपूर ने खराब शुरुआत से उबरते हुए आखिरी नौ होल में चार बर्डी लगाकर हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर के आठवें चरण में शानदार जीत दर्ज की। यह मौजूदा सत्र में वाणी का चौथा खिताब है। वाणी तीसरे दौर में आठ होल के बाद दो ओवर के स्कोर के साथ पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने नौवें होल में बर्डी लगाने के बाद 12वें से 15वें होल में लगातार चार बर्डी के दम पर शानदार वापसी कर तीन अंडर 67 का कार्ड खेला। वाणी ने कुल पांच अंडर 205 (67-71-67) का स्कोर कर तीन शॉट से जीत दर्ज की। एमेच्योर जारा आनंद (67) ने पेशेवर सर्किट पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने दो अंडर 208 का स्कोर किया। नेहा त्रिपाठी एक अंडर 209 (76-68-65) के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।*

## खबर संक्षेप



### टेस्ट संन्यास का फैसला बदल सकते हैं कोहली

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को सर्वोपरि मानने वाले विराट कोहली इस प्रारूप से संन्यास का फैसला बदल सकते हैं अगर भारत को इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट की श्रृंखला में करारी हार का सामना करना पड़ता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने 123 टेस्ट खेलकर 30 शतक समेत 9230 रन बनाए। क्लार्क ने 'बियोंड23' क्रिकेट पॉडकास्ट पर कहा, 'मुझे ऐसा लगता है। अगर भारतीय टीम इंग्लैंड में 5-0 से हार जाती है तो प्रशंसक यही चाहेंगे कि विराट संन्यास का फैसला बदलकर टेस्ट क्रिकेट फिर खेलें।'

### मैं कैपिटल्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग के 10 दिनों के ब्रेक के बाद दोबारा शुरू होने पर उनके वापस नहीं आने का परिणाम चाहे



जो भी हो वह अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'पूरी तरह से प्रतिबद्ध' हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की हत्या के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के शिविरों को निशाना बनाकर सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के कारण इस लीग को 10 दिनों के लिए रोकना पड़ा था।

### वॉलीबॉल महासंघ का चुनाव आज

**नई दिल्ली।** भारतीय वॉलीबॉल महासंघ दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने बहुप्रतीक्षित चुनाव कराने जा रहा है।



यह तदर्थ समिति की देख रेख में जारी शासन के बाद निर्वाचित शासी निकाय को बहाल करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। वीएफआई से संबद्ध 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 66 प्रतिनिधि नयी शासी निकाय का चुनाव करने के लिए मतदान करेंगे। कार्यकारी समिति की पांच पदों सहित 12 प्रमुख पदों के लिए 29 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### सप्तक की स्विस चैलेंज गोल्फ में अच्छी शुरुआत

**ल्यूसर्न।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में दो अंडर



69 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 39वें स्थान पर हैं। तलवार ने बैक नाइन से शुरुआत की और 11वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी हासिल की। उन्होंने छठे होल में दिन का अपना एकमात्र शॉट गंवाया और 69 का कार्ड बनाया। यह 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह चैलेंज डे कैडिज़ में कट से चूकने के बाद इस सप्ताह अपनी गलती सुधारना चाहेगा।

## फुटबॉल : फाइनल में पुर्तगाल से होगा मुकाबला

# स्पेन ने नेशंस लीग के फाइनल में बनाई जगह फ्रांस को रोमांचक मुकाबले में 5-4 से हराया



एजेंसी ▸▸ स्टटगार्ट

युवा खिलाड़ी लेमिन यमाल के दो गोल की मदद से स्पेन ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में फ्रांस को 5-4 से हरा दिया। सत्रह वर्षीय यमाल ने गुरुवार को फ्रांस के डिजायर डू और ओसमान डेम्बेले जैसे युवा खिलाड़ियों के सामने खुद को बेहतर साबित किया, जिससे स्पेन ने डिडिएर डेसचैम्प्स की टीम के खिलाफ शुरू में दबदबा बनाते हुए रविवार को पुर्तगाल के खिलाफ होने वाले फाइनल में जगह बना ली। पुर्तगाल ने बुधवार को मेजबान देश जर्मनी को 2-1 से हराया था। यह नेशंस लीग के इतिहास में सर्वाधिक स्कोर वाला मैच था। फ्रांस ने चार में से तीन गोल तब किए जब यमाल ने स्कोर 5-1 कर दिया था और स्पेन के खिलाड़ी अपनी जीत को पक्की मान चुके थे।

## चीन बाहर, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई



**सियोल।** चीन का 2002 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने का सपना गुरुवार को इंडोनेशिया के हाथों हार के साथ टूट गया जबकि उज्बेकिस्तान और जॉर्डन ने पहली बार इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चीन को जहां करारा झटका लगा वहीं दक्षिण कोरिया ने लगातार 11वीं बार विश्व कप में अपनी जगह पक्की की। विश्व कप फुटबॉल अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ उज्बेकिस्तान के लिए ग्रुप ए में ईरान के बाद दूसरा स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त था। ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने इराक को 2-0 से हराकर विश्व कप मे अपना स्थान पक्का किया। दक्षिण कोरिया की दो गोल के अंतर से जीत जॉर्डन के लिए पहली बार विश्व कप में जगह बनाने के लिए पर्याप्त थी। जॉर्डन की तरफ से तीनों गोल अली ओलवान ने किए। ग्रुप सी में चीन को जकार्ता में इंडोनेशिया के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।

### ऑस्ट्रेलिया ने जापान को 1-0 से हराया

*इस ग्रुप के एक अन्य मैच में अज़ीज़ बेहिच के अंतिम मिनट में किए गए गोल से ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में पहले से ही क्वालीफाई कर चुकी जापान की टीम को 1-0 से हराया। इससे ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार छठी बार विश्व कप में खेलने के करीब पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया की जापान के खिलाफ 16 वर्षों में यह पहली जीत थी।*

## सीसीपीएल में पहली बार सुपर ओवर

# बिलासपुर ने जीता रोमांचक मैच

### कप्तान शशांक सिंह ने 25 गेंदों में जड़े 41 रन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीसीपीएल के दूसरे सीजन की शुरुआत शुक्रवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हुई। पहले दिन रायपुर रायनोज और बिलासपुर बुल्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें बिलासपुर बुल्स ने लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की। लीग में पहले दिन ही मैच में सुपर ओवर खेला गया। टॉस जीतकर रायपुर रायनोज ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर बुल्स ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए। कप्तान शशांक सिंह ने तेजतर्रार पारी खेलते हुए 25 गेंदों में 41 रन बनाए, जिसमें 1 चौका और 3 छक्के शामिल थे।ओपनर आयुष पांडे ने 24 रन और हर्ष साहू ने 4 रन बनाए। इसके अलावा शोभित ने 9 और रोहित ने 11 रन का योगदान दिया। 5 विकेट गिरने के बाद प्रीतक और मोहम्मद इरफान ने मिलकर 50 रन जोड़े। अंत में शशांक की आक्रामक बल्लेबाजी ने टीम को 151 रन तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर रायनोज की शुरुआत आक्रामक रही। कप्तान अमरदीप खरे ने 24 रन बनाकर लय दी, इसके बाद हर्ष शर्मा ने 41 गेंदों में 40 रनों की सूझबूझ भरी पारी खेली। टीम को 18वें ओवर में 30 रन की दरकार थी, तभी बिलासपुर के गेंदबाज हर्ष राठौर ने सेट बल्लेबाज हर्ष शर्मा को आउट कर मैच का पासा पलट दिया लेकिन टीम रायपुर के वैभव साहू और एस. खान ने अंतिम ओवर में 6 बॉल में 24 रन बनाकर को मैच को सुपर ओवर तक पहुंचा दिया।

### ऐसा रहा सुपर ओवर

सुपर ओवर में रायपुर रायनोज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 रन बनाए और बिलासपुर बुल्स को 10 रनों का लक्ष्य दिया। बिलासुपर की ओर से रूद्रा ने गेंदबाजी की। रायपुर की पारी की शुरुआत वैभव ने की, जिन्होंने पहली गेंद पर चौका लगाया। दूसरी गेंद पर 2 रन लिए, जबकि तीसरी पर 1 रन लेकर स्ट्राइक बदली। चौथी गेंद पर अनुज ने 1 रन लिया। पांचवीं गेंद पर वैभव ने एक रन लिया, लेकिन दूसरा रन लेने के प्रयास में अनुज रनआउट हो गए। आखिरी गेंद पर वैभव भी आउट हो गए। लक्ष्य हासिल करने बिलासपुर ने 4 गेंद में मैच अपने नाम कर लिया।

## एक दौर की बाजी बाकी

# गुकेश जीते, कार्लसन के साथ नॉर्वे शतरंज खिताब के दावेदार



एजेंसी ▸▸ स्टावेंजर

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में चीन के वेई यी को हराकर तीन अंक हासिल किए और नॉर्वे के स्टार मैग्नस कार्लसन के साथ खिताब के लिए शीर्ष दावेदार बन गए।

अब जब कि केवल एक दौर की बाजी खेली जानी बाकी है तब गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों के डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में उनसे केवल आधा अंक आगे हैं। कार्लसन ने हारने की स्थिति से वापसी करते हुए अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराया और पूरे अंक हासिल किए। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारुआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा। दोनों ही खिताब और 69,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित करना चाहेंगे।

अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के 13 अंक हैं और उनके पास भी खिताब जीतने का मौका है। नाकामुरा ने एरिगैसी को आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हराया। भारतीय खिलाड़ी के 11.5 अंक हैं।

### महिला वर्ग में हम्पी भी दावेदार

महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी काले मोहरों से खेलते हुए चीन की लेई टिंगजी से हार गई। हम्पी अब 13.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने चीन की विश्व चैंपियन जू वेनजुन (12.5) को हराकर भारतीय खिलाड़ी पर दो अंकों की बढ़त ले ली है। प्रतियोगिता में भाग ले रही भारत की एक अन्य खिलाड़ी आर वैशाली (9.5) स्पेन की सारा खादेम (09) से हार गईं।



## 36 साल के खिलाड़ी भारत की दो विश्व कप विजेता टीमों का रहे हिस्सा

# स्पिनर चावला ने की क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की दो विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रहे अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने दो दशक से अधिक लंबे करियर के बाद शुक्रवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। इस 36 साल के खिलाड़ी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए संन्यास की घोषणा करने के साथ 'नए सफर' की शुरुआत का जिक्र किया लेकिन उसके बारे में कोई विवरण नहीं दिया। चावला ने लिखा, 'मैदान पर दो दशक से ज्यादा समय बिताने के बाद अब इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं भले ही क्रीज से दूर जा रहा हूं लेकिन मेरे अंदर क्रिकेट हमेशा जिंदा रहेगा। अब मैं इस खूबसूरत खेल की भावना और सबक के साथ एक नए सफर पर निकलने के लिए उत्सुक हूं।'





### दो वर्ल्ड कप जीतना वरदान से कम नहीं

चावला 2007 और 2011 में क्रमशः भारत की टी20 और वनडे विश्व कप विजेता टीमों के सदस्य थे। उन्होंने तीन टेस्ट, 25 वनडे और सात टी20 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और खेल के तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों में 43 विकेट लिए। चावला ने कहा, 'शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक का सफर मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी।'

### कोच, टीमों और आईपीएल फ्रेंचाइजी दिया धन्यवाद

चावला ने अपने सभी कोच, टीमों और आईपीएल फ्रेंचाइजी को अपने करियर को संवारने में भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आईपीएल में अपने समय को 'करियर का विशेष अध्याय' करार दिया। आईपीएल में कई फ्रेंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करने वाले चावला ने लिखा, 'आईपीएल की जिन फ्रेंचाइजियों (पंजाब, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई) ने मुझ पर भरोसा जताया उनका तहे दिल से शुक्रिया। इंडियन प्रीमियर लीग मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल का आनंद लिया है। मैं अपने कोच केके गौतम और स्वर्गीय पंकज सारस्वत का बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे एक क्रिकेटर के रूप में विकसित करने में अहम योगदान दिया है।'

### प्रो लीग : भारत की नजरें विश्व कप में सीधे जगह बनाने पर

**एम्सटेलवीन।** बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कवायद में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने की कोशिश में होगी। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इस समय प्रो लीग की तालिका में आठ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और इंग्लैंड के 16 अंक हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अच्छे प्रदर्शन से भारत की अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी।

**सात्विक-चिराग इंडोनेशिया ओपन से हारकर बाहर :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

UCO BANK अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
शुद्धिपत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11/05/2025 को हरिभूमि रायपुर संस्करण में प्रकाशित नीलामी सूचना में मेसर्स सन उद्योग का बकाया राशि भूलवश 34.76 लाख एवं आरक्षित मूल्य 9,78,000/- व बयाना राशि 97,800/- प्रकाशित हो गया था। जिसे अब बकाया राशि 71.98 लाख, आरक्षित मूल्य 33,14,000/- एवं बयाना राशि 3,31,400/- के सही रुप में पढ़ा जाए। बाकी सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/27/ब-121 /2024-25/480 — नोटिस — रायपुर, दिनांक 03 जून 2025

प्रति,
1.मेसर्स कलश इंडस्ट्रीज प्रो.अविनाश चौबे पिता श्री अनिल चौबे
2. श्रीमती सरिता चौबे (जमानतदार) पति श्री अनिल,
म.नं. एस-20 प्रियदर्शिनीय नगर अमलीडीह जिला रायपुर

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स) सेक्टर-24 अटल नगर नवा रायपुर की ओर से अभिषेक शुक्ला अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से 10,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर, श्रीमती सरिता चौबे के स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखा है। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रूपया 30,36,229.00 अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति कंपनी अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी छ.ग. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स) सेक्टर-24 अटल नगर नवा रायपुर से 10,00,000.00 रूपये का ऋण प्राप्त कर मौजा बोरियाकला प.ह.नं.53/118 रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 529/3, 529/7, 529/12, 529/10, 700/1, 700/2, 700/3, 700/5, 700/6, 700/1/1, 700/1/2 का भाग रकबा 5300 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 16.06.2025 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 03 जून, 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

ई-नीलामी सूचना

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **24/06/2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स पवन एग्रो** द्वारा प्रोपराइटर- श्री अरिहंत गोलचा पुत्र अवंत गोलचा ग्राम पेटेचुआ कंकालिन गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.) 491227 | संपत्ति का समस्त भू भाग फैक्ट्री भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 324, प.ह.नं. 37, ग्राम पेटेचुवा कंकालीन, तह. गुरुर, जिला- बालोद (छ.ग.) क्षेत्रफल-69,940 वर्गफीट चर्तुसीमाएं (विलेख के अनुसार) : पूर्व-सड़क, पश्चिम-सरकारी भूमि, उत्तर-सरकारी भूमि, दक्षिण-सड़क — सांकेतिक कब्जा | 02/08/2022 / 14/10/2022 / दि. 02/06/2025 को ₹ 4,82,13,410.30/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 1,00,63,000/- / ₹ 10,06,300/- / ₹ 10000/- |
| | संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड खुला प्लाट नं. 03, खसरा नं. 684/7, प.ह.नं. 28/14, चितौड़, आर.आई.सी. गुरुर, जिला- बालोद (छ.ग.) संपत्ति मालिक- श्री अरिहंत गोलछा पुत्र श्री अवंत गोलछा क्षेत्रफल - 10000 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: (विलेख के अनुसार) पूर्व-आकाश गोलछा की भूमि, पश्चिम-सड़क, उत्तर-डोनर की भूमि, दक्षिण-सुनीता बोहरा की भूमि — भौतिक कब्जा | | ₹ 56,25,000/- / ₹ 5,62,500/- / ₹ 10000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अतिम तिथि 23/06/2025 या उससे पूर्व साय 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 24/06/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

यहां संपत्ति का विक्रय राशि रू. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु केनरा बैंक की वेबसाइट में ई-नीलामी की लिंक (https://www.canarabank.com) या वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल (Ph. No 8057766078, 9755569030, 7905027805 7683068902, 9140476074, 8073562754)

स्थान : भोपाल दिनांक : 02-06-2025 — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक




# जापान का चंद्रयान मिशन नाकाम, सॉफ्ट लैंडिंग के दौरान क्रैश हुआ मून लैंडर रेजिलिएंस

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

जापान का महत्वाकांक्षी मून मिशन को बड़ा झटका लगा है। देश की एक निजी मून लैंडर शुक्रवार 6 जून को चंद्रमा पर लैंडिंग का प्रयास करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जापानी कंपनी आईस्पेस ने लैंडर से संपर्क टूटने के कई घंटे बाद मिशन के फेल होने की पुष्टि की है। कंपनी का यह दूसरा चंद्र अभियान था। जापानी कंपनी के रेजिलिएंस अंतरिक्ष यान को जापान के स्थानीय समयानुसार 6 जून को सुबह 4.17 बजे चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करनी थी, लेकिन निर्धारित लैंडिंग से एक मिनट 45 सेकंड पहले लैंडर से संपर्क टूट गया। फ्लाइट कंट्रोलर ने संपर्क स्थापित करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद मिशन को समाप्त करने की घोषणा की गई।

### पहले भी नाकाम रही थी लैंडिंग

चंद्रमा पर पहली निजी लैंडिंग की कोशिश कर रही अंतरिक्ष के लिए यह बड़ा झटका है। इसके पहले आईस्पेस ने अप्रैल 2023 में पहली बार मून लैंडिंग की कोशिश की थी। उस दौरान भी अंतरिक्ष यान नाकाम रहा था और मिशन को अंततः नाकाम घोषित करना पड़ा था। आईस्पेस के सीईओ और संस्थापक ताकेशी हाकामाडा ने मिशन की नाकामी पर दुख जताया और मिशन में योगदान देने वाले सभी लोगों से माफी मांगी।



### कंपनी के सीईओ ने मांगी माफी

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ताकेशी हाकामाडा ने कहा, हम मिशन 2 को सफल बनाना चाहते थे, लेकिन दुर्भाग्य से हम लैंडिंग करने में विफल रहे। हाकामाडा ने कहा, जिन लोगों ने हमारा समर्थन किया है, हम उनसे माफ़ी मांगना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आईस्पेस भविष्य की उड़ानों के लिए अपनी विफलताओं से सीखने के लिए प्रतिबद्ध है। स्पेसडॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, रेजिलिएंस के अंतिम क्षणों से टेलीमेट्री पर आधारित प्रारंभिक डेटा से पता चलता है कि लैंडर के लेजर रेंजफाइंडर ने जांच की चंद्र सतह से दूरी मापते समय किसी प्रकार की देरी का अनुभव किया।

## शादी से पहले फिजिकल होने की सजा 100 कोड़े, इस मुस्लिम देश में कपल के साथ हैवानियत

**जकार्ता।** दुनिया में इंडोनेशिया एक ऐसी जगह है, जहां युवाओं के लिए काफी सख्त नियम हैं। यहां बनाए नियम कानून इतने सख्त है कि दूसरे देश के लोग इसके बारे में जानकर हैरान रह जाते हैं। इसी देश से एक हैरान करने वाली कहानी लोगों के बीच सामने आई है। इंडोनेशिया में शादी से पहले संबंध करने के आरोप में एक जोड़े को सार्वजनिक रूप से 100 बार कोड़े मारे गए। इस खबर के बाहर आते ही एक बार फिर वहां के शरिया कानून की सख्ती और सार्वजनिक सजाओं को लेकर सारी दुनिया में बहस छिड़ गई है कि कोई कानून इस तरह की सजा आखिर कैसे दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये सजा बांदा आचेह शहर के एक पार्क में दर्जनों लोगों को खड़ा करके दी गई। आपको जानकर हैरानी होगी कि पुरुष और महिला को रतन की छड़ी से 10-10 के सेट 10 बार बारी-बारी से कोड़े मारे गए। जहां महिला को महिला द्वारा और पुरुष को पुरुष द्वारा कोड़े मारे गए। ऐसा इसलिए किया गया, जिससे शरिया प्रोटोकॉल का पालन किया जा सके और वहां के लोगों में एक खौफ पैदा हो सके।

# समुद्र के अंदर फोड़ना होगा परमाणु बम, अमेरिकी शोधकर्ता ने दिया हैरान करने वाला प्रस्ताव

*वॉशिंगटन। अमेरिका के एक शोधकर्ता ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और धरती बचाने का एक अजीबोगरीब प्रस्ताव दिया है। माइक्रोसॉफ्ट के कंप्यूटर इंजीनियरिंग के शोधकर्ता एंड्रयू हेवर्ली ने एक स्टडी प्रस्ताव दिया है कि महासागर की सतह के नीचे 81 गीगाटन क्षमता वाला परमाणु बम विस्फोट करके 30 वर्षों के कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को सोंखा जा सकता है। इतनी मात्रा में परमाणु विस्फोट का मतलब है कि अब तक के सबसे बड़े परमाणु परीक्षण, जो 1961 में सोवियत संघ ने किया था, वो 50 मेगाटन के जार बोम्बा से 1,600 गुना ज्यादा शक्तिशाली होगा।*

### रोका जा सकता है 30 साल तक के कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को

एंड्रयू हेवर्ली की स्टडी में कहा गया है कि समुद्र के नीचे सही जगह पर धमाका करके, हम मलबा, रेडिएशन और ऊर्जा को सीमित कर सकते हैं। इसके अलावा हम चट्टानों को तेजी से तोड़ सकते हैं, जिससे वायुमंडल में कार्बन की मात्रा को कम किया जा सकता है। उनकी स्टडी में यह भी कहा गया है कि हर साल 36 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल में छोड़ी जाती है। हेवर्ली का कहना है कि अगर 81 गीगाटन का परमाणु धमाका किया जाए, तो 30 साल तक के कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को रोका जा सकता है। यह धमाका 1961 में सोवियत संघ द्वारा किए गए 'जार बोम्बा' टेस्ट से भी हजार गुना बड़ा होगा।



### अस्थायी रूप से सतह के तापमान को कर सकता है कम

एक प्रयोग के दौरान छोटे-छोटे कणों को स्ट्रेटोस्फीयर में छोड़ा जाएगा, ताकि वे सूरज की रोशनी को वापस भेज सकें। इसके अलावा एक और उपाय है समुद्री बादल को चमकाना। इसमें जहाज समुद्र के नमक के कणों को आसमान में स्प्रे करेंगे, ताकि निचले बादलों की चमक बढ़ जाए। अगर यह प्रयोग कामयाब होता है, तो यह अस्थायी रूप से सतह के तापमान को कम कर सकता है, जिससे जलवायु संकट में देरी हो सकती है और वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में कटौती करने के लिए अधिक समय मिल सकता है। मतलब, अगर सूरज की रोशनी कम हो जाएगी, तो धरती कम गर्म होगी और हमें कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए थोड़ा और समय मिल जाएगा।

### यह प्रक्रिया 'एन्हांस्ड रॉक वेदरिंग' के रूप में जानी जाती है

हेवर्ली का तर्क है कि इस तरह का विस्फोट महासागर की सतह के नीचे स्थित बेसाल्ट चट्टानों को पाउडर में बदल देगा, जिससे रासायनिक प्रतिक्रियाएं तेज होंगी और वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को स्थायी रूप से चट्टानों में बंद किया जा सकेगा। यह प्रक्रिया 'एन्हांस्ड रॉक वेदरिंग' के रूप में जानी जाती है, जो प्राकृतिक रूप से होती है, लेकिन बहुत धीमी गति से। परमाणु विस्फोट इस प्रक्रिया को अत्यंत तेज कर सकता है। यह पहली बार नहीं है, जब जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए ऐसा अजीब सुझाव दिया गया है। यूके सरकार सूरज की रोशनी को कम करने के लिए 567 करोड़ रुपए (50 मिलियन पाउंड) का प्रयोग करने पर विचार कर रही है।

# कम दाम और कम समय में मिलेगी अब वायरस की सटीक जानकारी

**गुवाहाटी।** कोविड-19 की आई ताजा लहर के बीच एक्टिव मामलों की संख्या 5,000 पहुंच चुकी है। ऐसे में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी के शोधकर्ताओं ने कोविड संक्रमण का कारण बनने वाले वायरस सार्स-कोव-2 की मात्रा का सटीक पता लगाने और उसे मापने के लिए एक नया तरीका विकसित किया है।




### हाथ लगी बड़ी सफलता

आईआईटी गुवाहाटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर टीवी भरत ने कहा, 'एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां वायरस का पता लगाना रेत में पानी को जमते हुए देखने जितना आसान हो। यह वहीं सफलता है जो हमने हासिल की है। नई तकनीक क्ले का इस्तेमाल करके कोरोना वायरस को जल्दी से पहचानने और उसे मापने के लिए करती है।' बात आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि यह क्ले किस तरह घोल में बैठती है यह देखकर हम पता लगा सकते हैं कि वायरस मौजूद है या नहीं और इसकी मात्रा कितनी है।

### बेंटोनाइट मिट्टी का इस्तेमाल

टीम ने बेंटोनाइट मिट्टी का इस्तेमाल किया. इस क्ले को अपनी अनोखी रासायनिक संरचना के कारण प्रदूषकों और भारी धातुओं को अबजॉर्ब करने के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि क्ले पार्टिकल्स वायरस और बैक्टीरियोफेज के साथ जुड़ सकते हैं, जिससे वायरस का पता लगाने के लिए यह काफी भरोसेमंद साबित हो सकती है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## 6 साल की बच्ची के पेट से निकाला 1 मीटर लंबा बालों का गुच्छा

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना के डॉक्टरों ने एक 6 साल की बच्ची के पेट से 170 वजनी और एक मीटर लम्बा बालों का गुच्छा निकालने का सफल ऑपरेशन किया है। इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक करने वाले डॉ. वायएस रघुवंशी की मानें, तो 6 साल की बच्ची के पेट से बालों का एक मीटर लम्बा गुच्छा निकालने का यह पहला मामला हो सकता है। ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर ने इस केस को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पीड़ित बच्ची अशोकनगर जिले के ईसागढ़ की रहने वाली है। बच्ची की मां ने बताया कि उनकी बेटी को कुछ दिन पहले अचानक पेट में दर्द की शिकायत हुई। जिसके बाद डॉक्टरों ने जांच शुरू की, तो पता चला कि बच्ची के पेट में बालों का बड़ा गुच्छा खाने की थैली से लेकर छोटी आंत तक फंसा हुआ है।






## बकरीद के लिए बकरा लाए तो पड़ोसी ने कर दिया ये बड़ा कांड

**बहराइच** । बहराइच से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां बकरीद से पहले बकरा ही गायब हो गया। दरअसल, बकरा ईद कुर्बानी के लिए जाना जाता है। ये त्योहार अल्लाह के प्रति गहरे विश्वास और त्याग का प्रतीक है।जिसके चलते मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी हैसियत के हिसाब से बकरे या भेड़ की कुर्बानी कराते हैं। कुछ लोग कुर्बानी के जानवरों को पालते हैं, तो कुछ लोग बकरा ईद से पहले खरीद कर ले आते हैं। इसी वजह से बहराइच के मोहल्ला काजीपुरा के रहने वाले हबीबउल्ला ने कुर्बानी के लिए 18,500 रुपए की कीमत का एक बकरा खरीदा था, जिसकी सेवा पूरा घर मिलकर कर रहा था। लेकिन, बकरीद से पहले उसके साथ कुछ ऐसा हुआ, जिसकी शिकायत पुलिस से करनी पड़ी। 3 जून की रात को भी बकरे को उसी तरह बांधकर परिवार सोने चला गया। हबीबउल्ला ने कहा कि रात करीब 11:30 बजे छोटा भाई जगा तो देखा दरवाजे पर बकरा नहीं था। उसने घर के लोगों को जगाया और बकरे की खोज शुरू हुई। उसे इधर-उधर खूब ढूंढा गया, लेकिन वो कहीं नहीं दिखा. दूसरे दिन आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई तो लोगों के होश उड़ गए। दूर एक सर्राफा व्यापारी के सीसीटीवी कैमरे में पड़ोस का ही एक शख्स बकरे को ले जाता दिखा. जब उससे घर वालों ने पूछताछ की तो उसने बकरा ले जाने से साफ इनकार कर दिया। हैरान करने वाली बात ये थी कि उसी सीसीटीवी फुटेज में उसे एक शख्स रोककर बकरे के बारे में पूछता दिख रहा है। उस व्यक्ति ने पीड़ित परिवार से आरोपी को बकरे ले जाते हुए देखने की पुष्टि की है। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से बकरे की बरामदगी की गुहार लगाई। फिलहाल बकरा चोर घर से फरार है।

प्रार्थना सभा



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करते है कि पूजनीय माताजी
श्रीमती शशि कला दवे
धर्मपत्नि स्वर्गीय श्री रमाकांत दवे
का आकस्मिक निधन 01.06.2025, रविवार को हो गया है।

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए
प्रार्थना सभा
दिनांकः 7 जून 2025, शनिवार समयः शाम 5 से 6 बजे
स्थानः एमरल्ड हॉल, बेबीलॉन कैपिटल, वीआईपी चौक, जी.ई. रोड, रायपुर
में रखी गई है।

शोक संतप्त
डॉ. संदीप दवे (पुत्र)
श्रीमती समिधा दवे, श्रीमती ज्योति दवे (पुत्रवधू)
डॉ. शमीक दवे (पौत्र), डॉ. महक दवे (पौत्री)
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल परिवार
MAHESHWARI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com